आर्य्यभटीयम्

ज्योतिःशास्त्रम् ।

परमेश्वराचार्य्यकृतटीकयासमलङ्कृतम्

क्षत्रियकुमारेण श्रीमदुदयनारायणवर्मणा
नागरीभाषयाऽनुवादितम्

तत्र

मधुरापुरस्थ-शास्त्रप्रकाश-कार्य्यालये
(डा० विदूपुर, मुजफ्फरपुर)
नाम्निस्थाने प्रकाशितम्

संवत् १९६३ सन् १९०६ ई०

THE

ARYA BHATIYA

or

ANCIENT SANSKRIT ASTRONOMICAL WORK

by

Arya Bhata with a sanskrit commentary
of Prameshwaracharya translated into
Nagari and published
by
Udaya Narain singh at shastra Publishing office
Madhurapur, Bidhupur, Mozaffarpur.

Printed at Brahma Press Etawah.

मूल्य १)

शरदश्रप्रमादतोदृतम्

ओ३म्

समर्पणम्

श्रीयुत मान्यवर क्षत्रियवंशावतंस परमोदार सनातन आर्यधर्म्मरक्षक श्रीमहाराजाधिराज सर नाहर सिंह बहादुर शाहपुराधीशोऽखिल-उदयनारायणसिंहस्य कोटिशोनतय स्स्फुरन्तुतराम्

प्रभो !

आप ने सनातनआर्य्यधर्म्म की उन्नति करके हम भारत वासियों का परम उपकार किया है। ईश्वर श्रीमान् जैसे धर्म्मरक्षक, दानशील, आदर्शपुरुष और आर्य्यग्रन्थों के उन्नायक महाराजों की प्रतिदिन संख्या बढ़ावे।

श्रीमान् की रुचि स० आ० ध० की ओर देख कर मैंने वेद के छः अङ्गों में से नेत्ररूपी वेदाङ्ग ज्योतिष के-उस अपूर्व ग्रन्थ का भाषानुवाद कियाहै जिस में आज १४०० वर्ष पूर्व ही से पृथिवी-भ्रमण-सिद्ध रक्खा है।

यह आर्यभटीय या आर्यसिद्धान्त ग्रन्थ संस्कृत टीका सहित जर्म्मन देश में छपा था-आज तक भारत वर्ष में इस की ओर किसी का ध्यान नहीं गया था मैं ने बड़े परिश्रम से इसे जर्म्मन देशान्तर्गत लिपजिक् स्थान से मंगवा कर सटीक सानुवाद एवं विस्तृत भूमिका सहित छपवाया है।

इस सटीक सानुवाद वेदाङ्ग ज्योतिष ग्रन्थ को मुद्रित करा श्रीमानों के कर कमलों में विनयपूर्वक अर्पण कर आशा करता हूं कि श्रीमान् इस को स्वीकार कर मुझे अन्याय आर्षग्रन्थों के सानुवाद प्रकाशित करने में उत्साहित करेंगे।

शास्त्रप्रकाश-कार्यालय
ग्राम-मधुरापुर, विद्दूपुर
ज़ि० मुज़फ़्फ़रपुर

[illegible]——
क्षत्रिय कुमार—
उदयनारायणसिंह

समुद्र–मन्थन ।

"ऋषीणां भारतीभाति सरला–गहनान्तरा ।
धीरास्तत्त्व मृच्छन्ति मुह्यन्ति प्राकृता जनाः" ॥

भाः–अर्थात् प्राचीन ग्रन्थों की वाक्य–शैली ऊपर से तो बहुत सर माालूम होती है परन्तु उन के आशय बहुत कठिन हुआ करते जिन । विद्वान् लोग तो समझ लेते पर प्राकृत पुरुष मुग्ध होकर अर्थ का अन करने लगते हैं ॥

समुद्र–मन्थन उपाख्यान महाभारत के आदि पर्व में १७–से १९ अध्याय में इस प्रकार वर्णित है किः–

एक समय महात्मा देवगण सुमेरु पर्वत के ऊपर एकत्र होकर अमृ प्राप्ति के लिये परस्पर विचार करने लगे । इसी अवसर में परम देव नार यण आकर बोले " हे पितामह! देवगण और असुरगण मिलकर समुद्र मथ नें प्रवृत्त हों । इस के अनुसार देव और असुर गण मन्थन–दण्ड के योग मन्दर पर्वत को उखाड़ने लगे, परन्तु वे कृत कार्य्य न हो सके । इस के बा परम देव नारायण की आज्ञानुसार अनन्त देव ने मन्दर पर्वत को जड़ उखाड़ा और देवगण मन्दर पर्वत को लेकर समुद्र के तीर पर आये । अमृ पाने की आशा में समुद्र, अपने मन्थन में सम्मत हुआ–और कूर्मर राज मन्दर पर्वत को अपने ऊपर धारण करना स्वीकार किया ॥

देव राज इन्द्र, कूर्म के पीठ पर 'मन्दर' रखा कर मन्थन रज्जु (म थने की डोरी) वासुकी (सर्प) द्वारा मन्दर को बांधकर समुद्र मन्थन प्रवृत्त हुए । असुरों ने वासुकी के गले के उपरले भाग को पकड़ा । और देवगण ने पुच्छ की ओर पकड़ा । विलोड़न करते २ मन्दर पर्वत पर बड़े २ वृक्षों और औषधियों के निर्यास और रस समुद्र जल में निपति होने लगा और अमृत के तुल्य रस स्रोत में देवताओं का शरीर आप्लु होने लगा, देवगण अमर हुए । अपूर्व रस से मिश्रित हो समुद्र का जल दूध हो गया और दूध से घृत उत्पन्न हुआ ।

समुद्र मन्थन में पहिले दूध से चन्द्रमा उत्पन्न हुए और घृत से लक्ष्मीदेवी सुरादेवी, श्वेत अश्व नामक घोड़ा और उत्पन्न नारायण कौस्तुभ मणि उत्पन्न हुए । कौस्तुभ मणि परम देव नारायण ने अपने वक्ष में धारण किया।

पारिजात और सुरभि उत्पन्न हुयीं। लक्ष्मी, सोम, सुरा और उच्चैःश्रवा आदित्य मार्ग में देवताओं के निकट गये द्रुत वे। अनन्तर धन्वन्तरि अमृत से भरे श्वेतकमण्डलु हाथ में लिये ऊपर हुए। और दान्त में चारों वेद से विभूषित 'ऐरावत' हाथी निकला। देवराज ने ऐरावत को लिया। अन्त में कालकूट विष उत्पन्न हुआ। हलाहल विष के गन्ध से तीनों लोक मोहित हुआ। ब्रह्मा की आज्ञा से महादेव ने इस विषपान कर लिया। तब से महादेव जी का नाम 'नीलकंठ' हुआ। इधर अमृत पान के अभिलाषी देवता और असुरों में युद्ध उपस्थित हुआ, परम देव नारायण ने मोहिनी रूप धर कर असुर के निकट उपस्थित हुए। इस मोहिनी मूर्त्ति को देख कर विमूढ़चित्त असुर गण परिवेशनार्थ अमृत के भाण्ड को मोहिनी के हाथ में समर्पण करने में सम्मत हुए। अमृत को हर कर मोहिनी संग्राम से चल निकली। संग्राम समय देवगण मोहिनी के हाथ के अमृत को पान करने लगे। इसी अवसर में देवता का रूप धारण कर छिपा हुआ 'राहु' अमृतपान करने में प्रवृत्त हुआ। किन्तु चन्द्रमा और सूर्य ने इस की चुगली कर इस की कपटता को प्रकाशित कर दिया और परम देव नारायण ने 'सुदर्शन' (चक्र) द्वारा राहु के शिर को काट डाला।

कटा हुआ राहु का मस्तक आकाश मण्डल में उड़ कर पृथिवी पर गिर पड़ा। जो वैर निर्यातनार्थ (बदला लेने के लिये) अब तक बीच २ में राहु, चन्द्रमा और सूर्य को ग्रस लेता है जिस का नाम ग्रहण है ॥

देवासुर समर में स्वयं नारायण ने प्रवेश कर सुदर्शन द्वारा असुर दल को छिन्न भिन्न कर दिया और असुर मुण्ड भूमि पर शोभा देने लगे। मरने से अवशिष्ट असुरों ने रण में हार कर पृथिवी और समुद्र जल में प्रवेश किया। देवराज प्रमुख देवताओं ने अमृत भाण्ड अर्जुन को प्रदान किया।

श्रीमद्भागवत के ८ म स्कन्ध में ५ म अध्याय से ११ वें अध्याय तक समुद्र मथन का वर्णन है। भागवत के मत से जहां २ भेद दीख पड़ता है, उस का सारांश नीचे लिखा जाता है। महाभारत में देवताओं को अमृत पीने की इच्छा क्यों हुई? इस का कारण नहीं लिखा है; किन्तु श्रीमद्भागवत में लिखा है कि अत्रि के पुत्र शङ्करांश महर्षि दुर्वासा के अभिशाप से देवराज इन्द्र श्रीभ्रष्ट हुए। असुर युद्ध में देव-सेना हार गयी। इन्द्रादि देवगण ने स्वर्गराज्य से ताड़ित हो भूतल और पाताल पर आकर आश्रय लिया।

सुर गण ने स्वर्ग राज्य पर अपना अधिकार जमाया। यज्ञ आदि एक मा
द हो गया। भूख से पीड़ित इन्द्र आदि कों ने निरुपाय हो सुमेरु पर्वत के
टी पर जाय ब्रह्मा की शरण लियी। और ब्रह्मा, प्रमुख देवगण की स्तुति
सन्तुष्ट हो परमदेव नारायण ने देवराज इन्द्र को उपदेश दिया कि अमृत
न से बलवान् न हो कर तुम असुरों गण को रण में जीत नहीं सकते।
और देवता एवं असुरों के मिले विना समुद्र मन्थन से अमृत मिलने का
न्य दूसरा उपाय नहीं। इसलिये असुरगण के साथ कपट सन्धि कर दोनों
मिलकर समुद्र मन्थन करो। समुद्र मन्थन से उत्पन्न अमृत परिवेशन के
मय में असुरों को ठग कर देवताओं को अमृत पान कराऊंगा। नारायण
आदेश से इन्द्र ने असुर पति रैवत मनु-पुत्र बलि राजा के साथ सन्धि
पन कर समुद्र मन्थनार्थ उद्योग किया। इस के बाद देवता और असुर
ने मन्दर पर्वत को उखाड़ा और गरुड़ के पीठ पर मन्दर को रक्ख कर
द्र के किनारे ले आये। समुद्र मन्थन के पहिले हलाहल विष और क्रम
सुरभि, उच्चैःश्रवा, ऐरावत, ८ दिग्गज, और अभ्रमु प्रभृति ८ हस्तिनी,
रिजात पुष्प, अप्सरा, कमला देवी, वारुणी, कलश हस्त धन्वन्तरि ऊपर
। राहुवध उपाख्यान इस पुराण में भी है।

विष्णुपुराण के १ म अंश, ९ म० अध्याय में समुद्र मन्थन का वर्णन है॥२
ष्णुपुराण के मत से समुद्र मन्थन में पहिले सुरभि, क्रम से वारुणी, पारि-
त, शीतांशु चन्द्रमा, हलाहल विष, कमण्डलु हस्त धन्वन्तरि, और श्रीदेवी
त्पन्न हुई। किन्तु विष्णुपुराण में राहुवध का वर्णन नहीं है। ब्रह्म
र्त पुराण के प्रकृति खण्ड के ३८ वें अध्याय में समुद्र मन्थन का वर्णन है।
ब्रह्माण्ड पुराण के मत से समुद्र मन्थन में सब से पहिले धन्वन्तरि और क्रम
अमृत, उच्चैःश्रवा, नाना रत्न, ऐरावत, लक्ष्मीदेवी, सुदर्शन चक्र निकले
। इन के अतिरिक्त अन्यान्य पुराणों में भी समुद्रमन्थन का वर्णन है।
पुराणों में समुद्र मन्थन का वर्णन है कहने से शिक्षित लोगों में इस
पार को रूपक कह कर ग्रहण करना नहीं चाहते। किन्तु उपाख्यान के
भय का असम्भव होने की समालोचना करने पर इस की रचना अर्थवाद
त्र है यह सहज ही में सिद्ध होता है।
पहिले तो मन्दर पर्वत का उखाड़ना कैसे सम्भव होगा? दूसरे मथने की
ी वासुकी (सर्प) मथते समय जब उसी वासुकी शेष से मन्दर पर्वत को

धारण किया तो उन समय पृथिवी किस पर थी ? (क्योंकि पुराण में लिखे अनुसार लोग समझते हैं कि शेष नाग पर पृथिवी ठहरी है) तीसरे, पृथिवी पृष्ठ २० करोड़ वर्ग माइल है, उस में १५ करोड़ माइल में समुद्र विस्तृत है। इस सुविस्तीर्ण समुद्र का मन्थन कैसे सम्भव हो सकता ? चौथे, विष्णुपुराण के मत से महर्षि दुर्वासा प्रदत्त पारिजात माला देवराज इन्द्र ने ऐरावत के शिर पर पहिना दिया, ऐरावत कर्त्तृक महर्षि प्रसादभूत यह पारिजात माला भूमि के ऊपर फेंकी गई इस से महर्षि दुर्वासा के क्रोध की उत्पत्ति हुइ। और उसी क्रोध के कारण महर्षि का शाप हुआ। उस के पश्चात् समुद्र मन्थन में ऐरावत की उत्पत्ति हुई यह क्योंकर सम्भव होगा ? पञ्चम, महाभारत में लिखा है कि समुद्र मन्थन से निकले हुये रत्न आदित्य मार्ग से (अयन मार्ग से) देवताओं के समीप गये। यदि देवगण ने पृथिवी पर आकर पृथिवी पर के मन्दर पर्वत को उखाड़ कर पृथिवी पर के समुद्र के तीर में रखकर समुद्र मन्थन किया, तो मथने से उत्पन्न रत्न आदि आकाशस्थ अयन मार्ग में किस प्रकार देवताओं के निकट जासकते ? सुतरां यह अवश्य ही मानना पड़ेगा कि इस उपाख्यान में अवश्य ही कोई अति गूढ़ अभिप्राय है।

वेद पढ़ने से हमें इस बात का ज्ञान हुआ है कि ' समुद्र, ' ' सागर, ' । शब्दों से अधिकतर स्थानों में जल का वर्णन किया गया है।

और वेदाङ्ग + निरुक्त शास्त्र में (१।४।१५) " अन्तरिक्ष नामानि सगर समुद्र " ऐसा उल्लिखित है। " समुद्रात् अन्तरिक्षात् इति सायनः "।

और पुराण में जल शब्द कारण वारि अर्थ में व्यवहृत दृष्ट होता है *सुतरां महर्षियों ने पुराणों में समुद्र मन्थन समय में समुद्र और सगर शब्द को आकाश अर्थ में व्यवहार किया है ऐसा बोध होता है। और समुद्र मन्थन अर्थ से आकाशस्थ पदार्थ का मन्थन समझना उपाख्यान को सङ्गत और संलग्न होना-बोध होता है। और मन्थन से निकले हुए रत्न आदि देवता के निकट अयन मार्ग से जा सकते। समुद्र मन्थन उपाख्यान का प्रकृत अर्थ यह है कि समुद्र नाम अन्तरिक्ष और मन्थन नाम-खगोलस्थ दिव्य ग्रह, नक्षत्र आदिक के रूप, गति स्थिति आदि का पता लगाना (Astronomical deep enquiry) से

\+ युद्धाये इन्द्र वसु विभृता रथे इहो चहत्सर्पिणी । रयिं समुद्रा इत दिवस्पयांसि धर्म पुरस्पृहम्। ऋग्वेदे । १ । ४७ । ६ ।

*उत्पन्नाण्डेश्च कोपेन प्रह्लाद्दं गोन्धे जले। [illegible]

(ज्योतिष शास्त्र का अनुशीलन)। वेद विहित याग, यज्ञादि के समयादि नि
र्णय के लिये ज्योतिष शास्त्रामृत की प्राप्ति के लिये देव (प्रकाश) और अ
(अन्धकार) में मेल हुआ। दोनों पक्ष ने मिलकर आकाश मन्थन किया मन्द
पर्वत स्वरूप 'क्रान्तिपात विन्दु' में सर्प की आकार वाली रेखा संयोजि
हुयी, और क्रम से गोलार्द्ध रूपी दिन रात आविर्भूत और तिरोभूत ह
गोलक विलोड़ित और मथित हुआ क्रम से ज्योत्स्ना रूपिणी (चान्दनी
"लक्ष्मी" के साथ चन्द्रमा की स्थिति स्थान, राशि चक्र में निर्णीत हुई
और खगोल के बीच "सुरभि" (गौ) रूपिणी पृथिवी की अवस्थिति स्था
निराकृत हुई। "कौस्तुभ" रूप "ध्रुव" तारा विराट मूर्त्ति के हृदय में स्था
पित हुई। और ग्रह नक्षत्रगण राशि चक्र के यथा स्थान में सन्निविष्ट हुये
और "सावन" काल यथोचित रूप से निर्णीत होने लगा। याग, यज्ञादि
(तिथि आदि विचार पूर्वक) अनुष्ठित होने लगे। "धन्वन्तरि" रूप से कुम्भ रा
धनु राशि के ३० अंश अन्तर पर स्थापित हुआ। महर्षि पराशर ने विष्णु
पुराण के समुद्र मन्थन के उपसंहार में यों लिखा है कि:—

"ततः प्रसन्नभाः सूर्य्यः प्रययौ स्वेनवर्त्मना।
ज्योतींषिंच यथामार्गं प्रययुर्मुनिसत्तम!॥" १।९।११२॥

उपसंहार में वक्तव्य यह है कि, प्राचीन समय में सब जातियों में सूर्य्य
स्वामी और चन्द्रमा पत्नी रूप से परिगणित होते थे और वेद में भी यह
स्पष्टतया लिखा है:—

"समिथुनंउत्पादयते रयीञ्च प्राणञ्च।
एते मे वहुधा प्रजाः परिष्यतः॥" इति प्र० उपनिषदि ॥४॥

अर्थः—प्रजा सृष्टि कामना से ब्रह्मा ने चन्द्र, सूर्य्य को स्त्री पुरुष रूप से
सृष्टि किये और सूर्य्य चन्द्र से मनु और मनु से मानव जाति सृष्टि हुई।

फलित ज्योतिष के मत से यद्यपि चन्द्रमा स्त्री—ग्रह कह कर परिगणित
है किन्तु चान्द्रमास गणनार्थ चन्द्र, नक्षत्र वा तारापति कह कर परिगणित
होता चन्द्रमा का इसप्रकार स्त्री एवं पुरुष दोनों प्रकृति की रक्षा के लिये
पौराणिक गण 'चन्द्रविम्ब' और चन्द्रमा की ज्योति को स्वतन्त्र करने में
वाध्य हुए। समुद्र मन्थन से चन्द्रविम्ब का लक्ष्मी सहज नाम हुआ, जैसे:—
"दाक्षायिणीपतिर्लक्ष्मी–सहजश्च सुधाकरः"। शब्दरत्नावली।

चन्द्रबिम्ब तारापति हुए। और लक्ष्मधारिणी ज्योत्स्नारूपिणी चन्द्रिमा (चान्दनी) लक्ष्मी देवी विष्णुप्रिया या सूर्य-पत्नी हुयी। वैदिक प्राचीन पद्धति और पौराणिक नवीन-पद्धति, दोनों ही की समानता हुयी।

अब भी "ग्रीनलैण्ड" वासी इस्किमो जाति में यह विश्वास है कि सूर्य अपनी पत्नी चन्द्रिमा के पीछे २ युगयुगान्तर से दौड़ रहे हैं। किन्तु कभी चन्द्रिमा को स्पर्श नहीं कर सके। और इन दोनों की यह क्रीड़ा उपलक्ष ही में पृथिवी पर दिन रात होते हैं।

सूर्यसिद्धान्त आदि ज्योतिष शास्त्र में जो 'ग्रहण' के कारण दिखला ये गये हैं उस का स्थूल तात्पर्य यह है कि 'अयनवृत्त' परस्पर तिर्यक्भाव से अवस्थित है। चन्द्रमा के कक्षा वृत्त का एक अर्द्धांश अयन वृत्त के उत्तर में और अपर अर्द्धांश 'अयन वृत्त' के दक्षिण में अवस्थित और 'अयन मण्डल' और चन्द्रकक्षा के 'छेद विन्दुद्वय' को " पात " कहते हैं। इस पात के दोनों विन्दु की योग रेखा पर अमावास्या के अन्त में चन्द्र और सूर्य के अवस्थित होने से सूर्यग्रहण होता है। इस पातविन्दु-द्वय की योग रेखा के मध्यभाग में सूर्यबिम्ब अवस्थित रहते हैं। इस 'योगरेखा' को "राहु" कल्पना करने से सूर्य विम्बरूप "सुदर्शन" (चक्र) द्वारा " राहु " दो खण्डित होता है। और पात के दो विन्दुओं में से एक को "राहु" और दूसरे विन्दु को "केतु" कहते हैं। या इन दोनों विन्दुओं को " राहु " और सांप की देह की नाईं पृथिवी छाया मध्ये चन्द्र प्रवेश करने से 'चन्द्रग्रहण' होता है ऐसा कहने से पृथिवी छाया को 'केतु' कहना अनुचित नहीं। ऐसा अर्थ करने पर समुद्र मन्थन में राहु का अमर होना और 'सुदर्शन' द्वारा राहु का शिर कटना, दोनों ही व्यापार सङ्गत और वेदाङ्गीभूत ज्योतिष शास्त्रानुमोदित होते हैं।

समुद्रमथन-उपाख्यान में मेरु पर्वत, नारायणदेव, देव, असुर, अनन्तदेव, समुद्र, अमृत, कूर्म, इन्द्र, वासुकी, दूध, घृत, सुरभि, पारिजात-पुष्प, ऐरावत हाथी, उच्चैःश्रवा घोड़ा, वारुणी, सोम, लक्ष्मी, हलाहल-विष, नीलकण्ठ, अमृतभाण्ड, अर्जुन, दिति अदिति और धन्वन्तरि आदि, शब्दों की व्याख्या कियी गयी है, परन्तु वेद, निघण्टु, ब्राह्मणग्रन्थ, १८ पुराण तथा वाल्मीकीय आदि उल्लिखित-समुद्रमथन पर-विचार अलग पुस्तकाकार छपेगा-यहां विस्तार भय से-संक्षिप्त लिखा गया।

श्रीकृष्णलीला की आधिदैविक व्याख्या की अवतरणिका

चन्द्रमा पौराणिक देवता है। २७ नक्षत्र पुराणों में चन्द्रमा की २७ स्त्री
अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, (नक्षत्र) चन्द्रमा का पथ या गृहिणी हैं। इस रूपक में ज्
शास्त्र का व्याख्यान है जिसको समझने में कुछ नहीं होता किन्तु पुराणों
में ऐसे अनेक (हमारे शास्त्रों में प्रायः तीन प्रकार के वर्णन हैं एक आध्यात्मिक
दूसरा आधिदैविक और तीसरा आधिभौतिक) रूपक हैं, जिनका रूपकत्व भ
सहसा उपलब्धि नहीं किया जाता। श्रीकृष्ण नामक कोई व्यक्ति थे नहीं इ
कोई प्रमाण अब तक नहीं मिला है, प्रत्युत ऐसे प्रमाण तो भले ही पाये ज
हैं कि श्रीकृष्ण नामक एक श्रेष्ठ आदर्श पुरुष या पुरुषोत्तम महाचरित्र व्य
हुए हैं जिन का इतिहास महाभारत में है। एवं श्रीकृष्ण सम्बन्धी इस
के अतिरिक्त भागवत आदि पुराणोक्त ऐसे निन्दनीय उपाख्यान हैं जिन
लेकर विधर्मी लोग हमारे वेदोक्त सनातन धर्म तथा हमारे महात्माओं
कलङ्क दिखलाते हैं जिनका यथोचित समाधान हमारे भाई लोग न जान
के कारण नहीं कर सकते। वेद तथा वेदाङ्ग आदि वैदिक ग्रन्थों के देख
से पुराणोक्त उपाख्यानों का तात्पर्य समझ में आता है। जैसा कि पाठ
को वक्ष्यमाण उपाख्यान से ज्ञात होगाः–वैदिक काल से सूर्य, उपास्य दे
होते आये हैं, आब्राह्मण चाण्डाल पर्यन्त सब ही आर्य इस समय भी प्रा
से गात्रोत्थान कर, पूर्व मुंह हो सूर्यदेव को प्रणाम किया करते हैं; सूर्यदे
ही गायत्री के उपास्य देवता हैं। शालग्राम शिला आदि उपलक्ष्य कर जि
प्रकार ईश्वर की उपासना की व्यवस्था मानी जाती है, उसी प्रकार सूर्य
भी उपलक्ष्य कर ईश्वरोपासना की व्यवस्था की गई है। श्रीकृष्ण और अन्य
१० अवतार, सब ही विष्णु के अवतार कहे जाते हैं। श्रीकृष्ण नाम से कोई व्यक्ति
अवतीर्ण हुए, जब यह स्वीकार कर लिया गया, और वे अवतार कहकर मा
भी गये तब उन के जीवन के साथ विष्णु या सूर्य (कारण वेद में विष्णु औ
सूर्य एक) की लीला मिश्रित कर देना असम्भव नहीं है। श्रीकृष्ण की बाल्य-
लीला के साथ जो सूर्य की लीला मिश्रित हुई है। इस के बहुत प्रमाण पाये
जाते हैं। बाल्य-लीला यदि इस प्रकार रूपक के ऊपर न्यस्त न किय
जाता, तो परम पवित्र गीता शास्त्र के प्रवर्त्तक के चरित्र में "परदाराभिम
र्शन" दोष अवश्य ही लगता। परीक्षित राजा ने श्रीकृष्ण जी की बाल्य-
लीला सुनकर शुकदेव जी से इस प्रकार प्रश्न किया था किः—

"संस्थापनाय धर्मस्य प्रशमायेतरस्यच ।
अवतीर्णो हि भगवानंशेन जगदीश्वरः ॥
स कथं धर्म्मसेतूनां वक्ता कर्त्ताभिरक्षिता ।
प्रतीपमाचरद्ब्रह्मन् परदाराभिमर्शनम् ॥
आप्तकामो यदुपतिः कृतवान् वैजुगुप्सितम् ।
किमभिप्राय एतं नः संशयं छिन्धि सुव्रत ! ॥"

जिस संशय ने राजा परीक्षित के मन को डमाडोल या सन्दिग्ध दिया था वही संशय आज अनेक लोगों के मन में उठता है। स्वतः ही गों के मन में यह प्रश्न होता है कि धर्मसंस्थापनार्थ और अधर्म के नाश लिये जिन का जन्म हुआ है वे परस्त्रीगमन रूप अकार्य या कुत्सित कर्म में ों कर प्रवृत्त होंगे ?। या तो यह कोई आध्यात्मिक व्यापार है या कि- ज्योतिष शास्त्रोक्त विषय का रूपक है। राधा को ह्लादिनी शक्ति (अ- त्म) मानना पड़ेगा या राधा को "राधा" नक्षत्र मानना पड़ेगा। नहीं तो वतार की मर्य्यादा की रक्षा नहीं होती। शुकदेव जी के मुख से जो राजा रीक्षित के प्रश्न का उत्तर दिया गया है उसे कोई भी सन्तोष जनक (उत्तर) हीं मान सकता ।

"ईश्वराणां वचः सत्यं तथैवाचरितं क्वचित् ।
तेषां यत् स्ववचो युक्तं बुद्धिमांस्तत् समाचरेत्" ॥

यह बात सुनने से किसी के मन की शङ्का नहीं जाती तो परीक्षित का भी सन्देह दूर हुआ हो या नहीं इस में सन्देह ही है। "मैं हजारों दुष्कर्म करूं- गा, उस पर कोई ख्याल न करना मैं जो कहूंगा वही करना"। ऐसी बात किसी धर्म प्रवर्तक व्यक्ति के मैं शोभा नहीं देती। अवतार का प्रयोजन क्या ? इस पर अवतारवादी लोग कहते हैं कि मनुष्यों को शिक्षा मिलना ही अव- तार का प्रयोजन है। जिस कार्य्य से मनुष्यों को सुशिक्षा न हो कर कुशिक्षा होती ऐसे कार्य्यों को अवतार में आरोपन करना नितान्त असङ्गत है। चाहे जिस भाव से ही देखा जावे श्रीकृष्ण जी की रासलीला को ऐतिहासिक घटना कह कर मानना बहुत कठिन है। रास लीला में मानालङ्कार का आ- ध्यात्मिक वर्णन भी है। इस से जो विद्वान्—ज्योतिष के अनुसार रूपकवर्णन

किया है। इससे हमारा प्रयोजन यह है कि मनुष्य को सब विषयों में सत्य
अनुसन्धान करना चाहिये। यदि हमारे इस रूपक वर्णन में कोई भ्रान्ति सिद्ध
तो उसे हम सादर स्वीकार करेंगे। श्रीकृष्ण वा श्रीरामचन्द्र आदि महापुरुषों
किसी २ चरित में कोई २ अंश रूपकालङ्कार से वर्णन किये गये हैं ऐसा क
से उन महात्माओं की सत्ता नष्ट नहीं होती अर्थात् ऐसा कोई न समझे
इन महात्माओं ने जन्म ही नहीं ग्रहण किया केवल रूपक मात्र है। अ
उस में उन २ अवतारों के उपासकों के क्षोभ का कोई कारण नहीं। सर्व
आराध्य आदिक के चरित में जो कई एक अर्थविहीन उपन्यास या क
आरोप किया जाया करता, वह निर्दोष, सार्थक, रूपक मात्र, और उस
अवतार आदि के चरित्र में कलङ्क स्पर्श न हो यही हमारे इस रूपकवर्
का उद्देश्य है। अब हम आगे श्रीकृष्णलीला-का वर्णन करेंगे।

श्रीकृष्ण-लीला।

श्रीकृष्ण जी महाराज श्रीविष्णु भगवान् के अवतार कहे जाते हैं
वसुदेव और देवकी श्रीकृष्ण जी के पिता, माता, श्रीराधिका श्रीकृष्ण जी
आधाना शक्ति,-वृन्दावन, मथुरा, द्वारका और कुरुक्षेत्र, श्रीकृष्ण के लीलास्थ
कहे जाते हैं असुरविनाश के लिये श्रीकृष्णजी का पृथिवी पर अवतार
उद्देश्य माना जाता है। श्री मद्भागवतपु० विष्णु पु० और ब्रह्म वैवर्त्त पुरा
में श्रीकृष्ण लीला वर्णित है।

वैदिक आर्य्यों का परमदेव (१) सूर्य्य देव और वेदोक्त प्रमाण से सूर्य क
दूसरा नाम विष्णु (२) है और विष्णु सूर्य्य का अधिष्ठात्री देवता (३) है। प्राची
आर्य्यलोग प्रकृत वेदोक्त देव भिन्न अन्य देवोपासक थे ऐसा कदापि सम्भव नहीं

गोलकस्थ राशिचक्र में सूर्य्य देव का एक वर्ष परिभ्रमण व्यापा
उपलक्ष करके आर्य्य जाति के मनोरञ्जन के लिये पूर्व समय में श्रीकृष्ण लील
का अङ्कुर आरोपित हुआ किन्तु क्रमशः पुराणों में इस लीला रूपी वृक्ष की शा
खा प्रशाखा, पल्लव, होकर अब इस (लीलारुपी) वृक्ष में विषमय फल हो गये
(कुदरती प्राकृत राशि लीला का मर्म भूल कर श्रीकृष्ण महाराज जैसे आ
दर्श पुरुष या पुरुषोत्तम के चरित्र में कलङ्क लगा) नहीं तो अधःपतन शील
भारत भूमि में कुरुचि की धारा बहती हुई आदर्श पुरुष श्री कृष्ण जी को असत
स्पर्श कलङ्करूपी समुद्र में निमज्जित हो उछलना डूबना क्यों पड़ता !!!

(१)-सप्त युक्त सविता देव। (२)-ऋ० = । ७३। १० रथम् १। २२। १६॥ (३)-गायत्री॥

तत्काल की विचित्र महिमा है। अनन्तकाल, अनादि देव को प्राप्त करने के लिये उद्यत है। अनादि, देव आज भारत में कलुषित भाव से पूजित होते हैं। सद्गुराग न होने से शीघ्र पूजा लोप होगी। भारत के विप्र कुल सदा-शय माधुचित्त यह रूपक कल्पना करके भी आज सनातन आर्य्यसमाज के निकट दायी हैं। इस जातीय ऋण विमोचनार्थ आज हम श्रीकृष्ण-लीला के रहस्य भेद करने में कृत संकल्प हुए हैं।

फाल्गुन की अमावास्या को सायङ्काल में एक वार गोलक (आकाश की ओर) सन्दर्शन करो। तब देखोगे कि आद्यतन श्रीकृष्ण लीला गोलक में अनश्वर अक्षरों में अङ्कित हो रही है। तुम लोग अपने मस्तक की ओर (आकाश में) तारक मय धनुषाकृति जो नक्षत्र देखते हो उस का नाम "पुनर्वसु" है। इस वसु नक्षत्र या वसुदेव की गोद में * यह देवकी विरा-जमान है। इस वसु नक्षत्र के तृतीय पदान्त में जो विन्दु देखते हो इस विन्दु का नाम 'कर्कट क्रान्ति' है। यह विन्दु उत्तरायण की परम सीमा पर अ-वस्थित है। इस विन्दु के स्पर्श करने पर सूर्य्यदेव की अयन गति शेष होती है। और इस पर नये वर्ष के "वालार्क" का उदय (जन्म) होता है। यह विन्दु वाल (नये साल का सूर्य्य) वाल कृष्ण के जन्म (उदय) स्थान है। क-ल्पना नहीं समझो नव दुर्वादलश्याम (१) तुम्हारे सामने जाज्वल्यमान हो रहा है। श्रीकृष्ण रेखा में शिवमण्डल छाया तल (२) नेदक्षिणाङ्गुल में यात्रा किये-हैं सम्मुख में कर्कट सिंह कन्या तुला वृश्चिक और धनु राशि। श्रीकृष्ण यमुना (३) अतिक्रमण कर प्रथमतः अग्रसर हुए। सम्मुख में कर्कट राशिस्थ तीन ता-रात्मक वाण के आकार का पुष्य नक्षत्र पश्चिमाभिमुख विराजमान है। श्रीकृष्ण पुष्य संक्रमण के पीछे कर्कट राशिस्थ ह्रद सर्प कालिय (४) कालीय सर्प का मस्तक षट्तारकमय चक्राकृति और इसको आश्लेषा नक्षत्र कहते हैं। इस की अधिष्ठात्री देवता 'फणी' हैं।

श्रीकृष्ण ने आश्लेषा में पैर रखकर कालीय सर्प को दमन किया। सम्मुख

* पुनर्वसु नक्षत्र की अधिष्ठात्री देवता [illegible] अदिति, [illegible]। [illegible] श्रीकृष्ण जन्मस्थान [illegible] इति [illegible]। [illegible] नक्षत्र में [illegible] का नाम [illegible] है।

(१) Castor star अर्थात् [illegible] (२) Lynx Constellation or Canis minor (३) [illegible] (४) Hydra Constillation

में सिंह राशिस्थ षष्ठ तारकामय मघा नक्षत्र है और इस की अधि
देवता 'यम' हैं मुतरां मघा की ज्योतिः नव प्रसूत बालक का जीवन
रक "अहि" पूतना नामक बाल रोग का उत्पादक यही मघा (१) पूतन
मघा की योगतारा (२) देवकी के (अयन रेखाद्व) उपरिस्थ कहने से
को मातृपद में अभिषिक्त कर श्रीकृष्ण को स्तन्य देने में व्यापृत किया
है। सूर्य्य देव के मघा में अवस्थिति काल में मघा आच्छादित होत
श्रीकृष्ण ने मघा संहार कर पूतना को विनाश किया। सामने सिंहरा
पूर्व एवं उत्तर दोनों फल्गुनी वा अर्जुनी नक्षत्र (३) इन दो नक्षत्रों को अ
कर श्रीकृष्ण ने "यमलार्जुन वृक्ष" भञ्जन लीला दिखलाया है। सम्मु
कन्या राशिस्थ हस्ता चित्रा, तुला राशिस्थ स्वाती, विशाखा, वृश्चिक रा
अनुराधा, ज्येष्ठा, और धनु राशिस्थ मूल, पूर्वाषाढ़, और उत्तराषाढ़ ये नव
हैं। ये ही आधुनिक पौराणिक नव ९ नारी हैं (४) आठ सखी और आद्य
विशाखा या राधा (५) विशाखा की आकृति पुष्पमाला या तोरण की
या कमल कीसी है। और विशाखा की अधिष्ठात्री देवता 'शक्राग्नी, या
द्युत' हैं। इस विद्युताग्नि का नाम यही 'र' (६) अग्नि का आधार कह क
शाखा 'राधा' नाम से विख्यात (७) है। श्रीकृष्ण, चन्द्रावलि, चित्रलेखा। ल
(८) इन तीन सखियों के साथ सम्भाषण कर श्री राधा के घर में आकर देख
अयन रेखा को (९) श्रीराधा ने अधिकार किया है। श्रीकृष्ण और श्रीराधा
मिलन हुआ। यह श्री राधा कौन हैं? वृषराशिस्थ सूर्य्य देव "वृषभानु" रा
'कलावती, चन्द्रिमा उन की पत्नी हैं। कलावती अपने पति वृष (राशिस्थ सू
भानु (राजा) से मिलने की आशा में उन्मत्त होकर पूर्णाकृति ला

---

(१) Regulus (२) मघा को पूतना कहने का और भी कारण है मघा की आकृति हल की सी है, और [illegible] में [illegible] Flag की नाई मालूम पड़ता है इस कारण मघा को "ध्वजिनी" कहना सार्थक है। और "ध्व[illegible] [illegible] सेना" [illegible] इत्यमरः। इस अमरकोश प्रमाण से पाया जाता है कि पूतना शब्द [illegible] के अर्थ में व्यवहार करने योग्य है और मघा पूतना दोनों ही 'ध्वजिनी' कहने से मघा पूतना [illegible] पूतना को श्रीकृष्ण जी के मातृस्थान में बिठलाने के अनेक कारण हैं। जैसे सुनीथ [illegible] (वर्ग वा गृह[illegible] "[illegible]" [illegible]। श्रीकृष्ण जी को पूतना के स्तन्य देने का और भी कारण है [illegible] (वैद्यक) में यह पूतना "[illegible] सद्य मरोधने पूर्ण धात्री [illegible] विरोधये[illegible]

(३) [illegible] १० । ८५ । १३ ॥

(४) [illegible], चित्रलेखा [illegible] विशाखा [illegible] देवी चम्पकलता [illegible] और इन्दु लेखा ये ८ हैं।

(५) "राधा विशाखा पुष्ये तु" इत्यमरः (६) "[illegible] पावके [illegible]" इति मेदिनी (७) "वैशाखे माधवो [illegible]" इत्यमरः (८) [illegible] के अधिष्ठात्री देवता 'पवन' और स्वाती तुला राशि में अवस्थित होने से इस का [illegible] '[illegible]' है। और [illegible] शुक्र वर्ण है (९) अयन [illegible] ॥

लिये ज्येष्ठा नक्षत्राभिमुख यात्रा काल में कमलाकृति विशाखा के बीच विद्युत रूप राधा को प्राप्त हुई। इस स्थान में राधा का पौराणिक जन्म और लालन पालन आदि पाठक स्मरण करें।

श्रीकृष्ण का, तुला राशि में राधा नक्षत्र भोगकाल में आकाशाग्नि (सूर्य) आन्तरिक्ष अग्नि में (बिजुली में) मिलन हुआ। (१) सांख्य शास्त्रोक्त प्रकृति रूप का मिलन हुआ। क्रमशः कार्त्तिकी पौर्णमासी आयी विद्युतमयी पट्कृत्तिका की शोभा में पौर्णमासी की रौपमय' ज्योत्स्ना, वर्षित हुयी। कार्तिकी पौर्णमासी की कौमुदी ज्योत्स्ना में जगत् भासित और हासित होने लगा। पशु, पक्षी आदि सब जीवगण और जगत् जन अह्लाद से पुलकित हुए। जगत् जन इस विमुग्ध कर रजनी को नृत्य,गीत, द्वारा सुख से व्यतीत करने लगे। यह विचित्र नहीं। इसी जगत् मय नृत्य,गीत, का नाम 'रासलीला' (२) है। श्रीकृष्णदेव श्रीराधा और आठ सखी मिल कर रासलीला में आज वृन्दावन में प्रमत्त हुए। आज पौर्णमासी कलावती और मातृकागण (३) (पट्कृत्तिका) अपनी कन्या राधा के शुभग्रह में उन्मत्ता हुयी। विमान पर पुरन्ध्रीगण, आज अट्टहास करती हैं। प्रकृति की इस अनुपम शोभा में संसार मुग्ध हो रहा है।

यह 'वृन्दावन' कहां? यह देखो 'गोलक' में लाखोलाख गोप। (४) गोपी अर्थात् तारक तारका परिवेष्टित हो धाता, इन्द्र, सविता इत्यादि द्वादश आदित्य (५) रूप में श्रीदामनु, सुदामन, प्रभृति' द्वादश गोप मण्डल के साथ श्रीसूर्यदेव, श्रीकृष्ण' नाम से वृन्दावन में रासलीला में विराजमान (६) हैं। यदि इस प्राकृतिक रासलीला सन्दर्शन से आप के हृदय में गम्भीर विमल ईश्वर के प्रेम का उदय हो कर मन, प्राण, पुलकित न हो और कलुषित भौतिक प्रेमभाव यदि किसी के क्षुद्र कुसंस्कार तिमिराच्छन्न हृदय में प्रवेश करता हो तब हम और क्या कहेंगे, हां इतना तो अवश्य कहेंगे कि भाइयो! श्रीकृष्णभगवान् में चाहे ईश्वरभाव से अपनी रुचि अनुसार पूजा करो परन्तु ऐसे पुरुषोत्तम आदर्श पुरुष के सच्चरित्र में पापमय लीला चित्रित आपे को कलङ्कित न करो और नारकी न बनो!!!

हमने पुनर्वसु नक्षत्र से राधा नक्षत्र तक आदित्यदेव' (श्रीकृष्ण) का

---

(१)—ऋक् १। १५। १०॥ (२)—[illegible] रस। [illegible]। (३)—[illegible]। (४)—[illegible] विरज [illegible] १। ६२। ४ प—[illegible] (५)—[illegible] में [illegible] सूर्य के नाम १ धाता, २ इन्द्र, ३ [illegible], ४ विवस्वान्, ५ भग, ६ पर्जन्य, ७ [illegible], ८ मित्र, ९ विष्णु, १० वरुण, ११ पूषा और १२ अंश हैं। [illegible] (६) [illegible]

अनुसरण कर रासलीला का बोध कराया परन्तु इस में भी
बोध न हुआ है। क्योंकि बलदेव, नन्दगोप, यशोदा देवी और
इन के न होने से रासलीला का आरम्भ नहीं हो सकता
तरह आदित्य देव की कुटगति (१) नहीं होती, पुनरां नन्दरा
श्रीकृष्ण को ले कर जाने के लिये उपाय रहित (२) इस क्र
बलदेव आदि को नन्दालय से रासलीला में निमन्त्रण कर
बहुत पर्य्यटन से प्रयोजन नहीं।

यह देखो एकबार, राशिचक्र में दृष्टि डालकर देखो क
के पश्चात् भाग में वृषवीथि में। (३) वृषराशि में यशोदादेवी (४)
देवी (Aldebaran in Hyades) विराजती हैं। वृषराशि
देव (५) देवराज सखा नन्दराज कहां? "योयस्यमित्रं नहि तस्य
हम ने आपतत नन्दराज को वृषराशि में स्थापन किया। विचार

यथा स्थान में विष्णुपुराण के ५म अंश में बलदेव जी क
वर्णित नहीं है। यथा स्थान में श्रीमद्भागवत के दशमस्कन्ध
में बलदेव जी का जन्मवृत्तान्त का विवरण प्रकाशित नहीं।
ब्रह्मवैवर्त्त पु० के जन्मखण्ड में संकर्षण देव (६) का जन्मवृत्तान्त
किन्तु एकबार इसी के साथ बुध-जन्म वृत्तान्त स्मरण करे
वसुदेव पुत्र संकर्षण रोहिणी गर्भजात कह कर 'रौहिणेय हैं' वि
नन्दन' या 'वसुदेवनन्दन' नाम क्यों नहीं पाया? तृतीय वसु
बुध ने सौम्य' नाम पाया किन्तु 'तारकानन्दन' या तारास
नहीं पाया? दोनों ही का जन्म वृत्तान्त रूपक मूलक है। हम ए
शास्त्र में बुध की आविष्क्रिया घटना में पाते हैं कि, बुध "रौ
पुराण में रूपक बिगड़ने के भय से इस का इतिहास नहीं वि
किस कारण से बुध का 'रौहिणेय' नाम पड़ा।

---

(१)-Rotrograde motion (२)-राशि चक्र में आदित्य देव मेष राशि मे
वृष आदि द्वादश राशि एक वर्ष में परिभ्रमण करते हैं। वृष राशि में नन्दालय मिथुन रा
के पश्चिम में वृष राशि अवस्थित सुतरां राशि चक्र पर्यटन न करने से श्रीकृष्ण वृष राशि में
(३)—वृष राशि के पूर्व और पश्चिम सीमान्त में स्थित दो ध्रुवक रेखा के मध्यवर्त्ती गे
कहते हैं। (४)—वृष राशिस्थ पाटलवर्ण देवमातृका षोडश मातृका में देव सेना या षष्ठी नाम
वदन्ति महा षष्ठी पण्डिता शिशुपालिकान्। देवमातृका ने श्रीकृष्णलीला में यशोदा नाम प
करने से यशस्वि धवला॥ (५)—ज्येष्ठमूले भवेदिन्द्रः इतिकौर्मे १८ अध्याय॥

(६)—देवक्याः सप्तमे गर्भे कंसो रक्षा दधौ भिया। रोहिणी जठरे माया तया कृष्य रक्ष
तस्माद् बभूव भगवान् नाम्ना संकर्षणः प्रभुः।

(७)—तारका गर्भे सम्भूत स एव च बुधः स्वयम्। ब्रह्मवै०पु०प्र०खण्डे६१अ०॥ (८)—
विष्णुर्वेदान्ति[illegible]। प्रतद्वरस प्रभावस्य वसत्येषो तस्मात् स्मृता॥ गदा वद वसुगिण इ

इस समय देखा जाता है जो, बलदेव का नाम रौहिणेय है। और बुध का भी नाम रौहिणेय है। गदाधारी (१) यह रौहिणेय श्रीकृष्ण के चिरसङ्गी हैं। गदाधारी अन्य रौहिणेय आदित्यदेव के चिरसङ्गी हैं। गदाधारी अन्य रौहिणेय आदित्यदेव के चिर सङ्गी हैं (२)। आदित्यदेव श्रीकृष्ण हुए, बलदेव को न्यायानुसार बुध ग्रह कहा जावे। घर का घर ही में मिला "गृहंचेन्म-धुविन्देत किमर्थं पर्वतं व्रजेत्" इस समय हम रासलीला वर्णन में प्रवृत्त हुए।

रास-पूर्णिमा ॥

(१)–[illegible]। (२)–बुध ग्रह सूर्य से ३० अंश के बीच में रहता है अतएव यह ग्रह, सूर्य किरणों ही में छिपा रहता है।

ाक के कदम्ब के (१) निकटतर है। कुरुक्षेत्रपर्व में हम प्रथम दो का ही प-
य देंगे। द्वितीय दो कृष्णलीला की ललिता और श्रीराधा, तृतीय दो का
चय अङ्क में होगा। यह देखो! श्रीराधा का किरीट, राशिचक्र के एक धनु
२) शिरोभाग में उच्चासन पर बैठा है। वाम भाग में ललिता सखी, अ-
न्य सखियों में चन्द्रावली (हस्ता) (३) राशिचक्र के दक्षिण में, चित्र लेखा
चित्रा नक्षत्र) राशिचक्र के मध्य में। ललिता (स्वाती) और श्रीराधा की
विशाखा का) (४) अवस्थिति स्थान ऊपर कहा गया है। रङ्गदेवी राशिचक्र
मध्यमें अवस्थित है। सुदेवी (५) चम्पक लता (६) राशिचक्र के दक्षिण में
स्थित तुङ्गदेवी हैं तुङ्ग में और इन्द्रलेखा (७)—राशि चक्र में अवस्थित हैं।
ान मण्डल के अपर धनु राशि के शिरो भाग में वृष राशि में, यशोदा
ी (देवमातृका कृत्तिका) (८) और बलदेव की माता रोहिणी देवी के
मभाग में कलावती कौमुदी चन्द्रिमा के अवस्थित का स्थान है।

यह देखो! कलावती आश्विनी पूर्णिमा, अश्विनी नक्षत्र में अवस्थित
: रास-दर्शन के उल्लास में द्रुत वेग से राशि चक्र में दौड़ रही हैं। श्रीकृष्ण
ार श्रीराधा में परस्पर रासलीला निमित्त विचार हो रहा है। कलावती
श्विनी से भरणी, कृत्तिका, रोहणी, मृगशिरा, आदि एक २ नक्षत्र अतिक्रम
र रही हैं और क्रम से जामाता के निकटस्थ होती जाती हैं, मानो नील
अवगुण्ठन मुखकमल आच्छादन करती हैं (९) पुनर्वसु नक्षत्रमें (११) विष्णु तारक
दर्शन से कलावती (१२) ने ८ कलाओं को आच्छादित कर लिया है (१३)
व क्रमशः श्रीराधा नक्षत्र में आकर जामाता के दर्शन में १६ कला आ-

---

(१)—ध्रुव और अभिजित् नक्षत्र के मध्य मध्यवर्ती बिन्दु। ध्रुव से २४ कला दूर पर कदम्ब अवस्थित है। [illegible] (२)—Amphi theatre. (३)—हस्त के ५ नक्षत्र [illegible] हैं॥ (४)—विशाखा के [illegible] तुलाराशि में और [illegible] वृश्चिक राशि में और [illegible] [illegible] दक्षिण में, [illegible] है। [illegible] के [illegible] १० [illegible] है। (५) [illegible] (६)—[illegible] (७)—Line of beauty. (८)—[illegible] (९)—[illegible] है।

(१०)—[illegible] (११)—[illegible] (१२)—[illegible] $\frac{१}{४}$ [illegible] $\frac{१}{४}$ =१६ [illegible] (१३)—[illegible]

च्छादन किये (१) और अनुराधा में उपनीत हो कलावती अवगु
विमोसनार्थ उद्योग करने पर देखती हैं कि श्रवणायस्थित त्रिविक्रम क
में श्वशुर के दर्शन से बड़े पुलकित हैं । कलावती अर्द्धावगुण्ठित भाव
अथवा अतिक्रम कर धनिष्ठा आदि एक २ नक्षत्र को अतिक्रम करते
सुख वामल के नील अवगुण्ठन क्रम से मोचन करते २ चलने (२) ला
अन्त में वृषराशि में उपनीत हो कृत्तिका और रोहिणी के वाम
में आकर आश्वस्त भाव से आनन्द में नील अवगुण्ठन एक मात्र खिसो
कर सादर ऊंचे आसन पर बैठ गयी । यों कार्त्तिकी पूर्णिमा की कौ
पौर्णमासी का उदय हो कर ज्योत्स्ना में जगत् आलोकमय हुआ । कौ
की ज्योत्स्ना—अञ्चल में आवृत्ता हो कर यशोदा देवी (कृत्तिका) कि
नीलमणि की रासलीला देखने लगीं । और बलदेव की माता भी अर्द्धा
पिठत सुख से रासलीला देखने लगीं । किन्तु पौर्णमासी कलावती अयशु
सुलभ अकुण्ठित भाव अवलम्बन से सम्पूर्ण जगत् के सामने पृथिवी के पृष्ठ
से वासर (दिवस) घर में रासलीला देखने की कामना से किनारे हो
लुकाछुप करती हैं । पुनर्वार जगत् की ओर चाह कर श्रीराधा की सम्पद्
गर्वित हो ठट्ठा कर हंसती हैं । उषा काल में कौमुदी चन्द्रमा वांके नज
उभय पार्श्वस्थ वैवाहिक द्वय (३) की ओर दृष्टिपात कर अस्फुट स्वर से कह
हैं कि देखो देखो बहिन ! हमारी राधा श्याम स्वामी समागम से सखीकुलम
(तारानिचय) कहां छिप गयी ? अभी तो कार्त्तिक की चन्द्रिमा के आह
से नाचती २ उन्मत्ता प्रायः हो कर पश्चात् वर्त्ती वैवाहिक सच्चिदानन्द गोप
कहते हैं कि वाह ! आज हमारा क्या शुभ दिन है ! आ–नन्दपुत्र आनन्द
श्रीकृष्णकी कृपा से हमारी राधा पवित्रा हुयीं । नन्दराज अह्लादसे गदगद
में कहते हैं कि श्रीमती अहह ! तुम्हारी सुता राधा ही आद्या (४) शक्ति
यह देखो ! श्रीकृष्ण का रश्मि चूड़ा (चूड़ें शुक्र मयूख की) तुम्हारे राधा
पदतल को मार्जन और धौत करता है ।

यह देखो ! कौमुदी चन्द्रमा के उर्द्ध्व भाग में प्रजापति ब्रह्मा ' औरि
गयदन (५) विराजमान है । आज प्रजापति ब्रह्मा पूर्ण चन्द्ररूपी हंस

(१) – [illegible] ॥ (२) – [illegible] की [illegible] । (३) – यशोदा और रोहिणी । (४) – कार्त्तिकी [illegible] मे [illegible] करने पर [illegible] का [illegible] – पूर्ण [illegible] का [illegible] होता है ॥

(५) Auriga constellation [illegible] के [illegible] में प्रजापति नक्षत्र Delta auriga [illegible] में [illegible] (Star capella) [illegible] में [illegible] (Star nath) [illegible] [illegible] (The Lids) [illegible] चिन्ह (Emblem

नन्द आसीन हैं। रासलीला देखने के आनन्द में ३३ कोटि देवता के साथ द्याधर, अप्सरागण, यक्ष, रक्ष, गन्धर्व, किन्नर, पिशाच, गुह्यक, सिद्धचारण, ग, दानव, असुर, आदि परिवृत्त होकर रासमण्डल के ऊर्द्ध देश (१) में आसीन । इसी उपलक्ष से श्रीराधा 'व्रजेश्वरी', रासेश्वरी', नाम से पुराणों में कही गी हैं। और महर्षि वाल्मीकि ने विशाखा को सूर्यवंश का कुल नक्षत्र ह कर वर्णन किया है। और वङ्गाल के कवियों ने "राधी राजा," राधी किशोरी" नाम से श्रीराधा का नाम कीर्तन किया है और इसी पाश्चात्य ज्योतिषी लोगों ने श्रीराधा नक्षत्र को राजमुकुट नाम लिखा Corona) (२) है। आज राशिचक्र के केन्द्र स्थान में श्रीकृष्ण (सूर्यदेव) और उन दक्षिण भाग में चन्द्रदेव (बुधग्रह) अवस्थित हैं। और राशिचक्र में गोपी-ल (तारकागण) श्रीराधा और ८ सखियों के समभिव्याहार में चक्र नृत्य में ाथ कर कृष्ण बलराम की प्रदक्षिणा करती हैं। चन्द्रदेव ने भी रसोन्मत्त हो क्र नृत्य में साथ दिया। रासेश्वर वासुदेव ग्रह-समूह की गति परीक्षा करते हैं। ार्त्तिकी चन्द्रिका ज्योत्स्ना वसु-विस्तार पूर्वक स्वर्ग मर्त्य पाताल आलिङ्गन र स्नेह में डूब रही है। कार्त्तिकी पौर्णमासी के रौप्यमय ज्योत्स्ना सागर में तीनों जगत् बह चले। आनन्द मय सुधांशु सागर में जीव मात्र के हृदय निमग्न और अभिषिक्त हुए। नक्षत्रीय विमल ज्योत्स्ना जल में विश्व ने अव-गाहन किया। वासुकी (कार्त्तिकी) ज्योत्स्ना ने भूतल को विस्तार कर ब्रह्मर्षि देवर्षि और राजर्षिगण को आलिङ्गन कर विमुग्ध किया। इस मोह में विमुग्ध होकर हमारे ऋषियों ने सर्व भूतमय सर्वव्यापी परम पुरुष को रूपमात्र से [illegible] रूप में [illegible] नारायण का ही वर्णन किया है। और [illegible] की इस प्राकृतिक शोभा का (३) मूल कारण है पहले से [illegible] को ही विष्णुभाव से पूजा किया करते थे। और श्रीकृष्ण लीला की रूपक रचना किये हैं। अदितिनन्दन आदित्य देव में और देवकी नन्दन श्रीकृष्ण में भेद कहां? क्या ऋषियों ने स्पष्ट नहीं कर दिया है कि "अदितिर्देवकीत्यभूत् (हरिवंशे) (अदिति) और "देवमाता च देवकी" (ब्रह्मवैवर्त्त अमरकोषे) क्या ऋषियों ने स्पष्ट नहीं कर दिया है कि आ-दित्यदेव ही देवकीनन्दन है?

(१) [illegible] (२) [illegible] (Corona)

(३) [illegible]

" ततोऽविन जगत्पद्यग्रोधायाच्युत भानुना ॥
देवकी पूर्वं सन्ध्याया माविर्भूतं महात्मना " विष्णुपुराणे ५ अ० ३ श्लो०

इतना भ्रान्त क्यों ? क्या वेदाङ्ग भूत ज्योतिषशास्त्र यह नहीं कहता कि यशोदा (कृत्तिका) की अधिष्ठात्री देवता दहन (अग्नि) और रोहिणी का कमलज (ब्रह्मा); अग्नि एवं ब्रह्मा एक ही हैं। इन ब्रह्मा के नाभि पद्म (राशि चक्र के केन्द्र में) विष्णु या आदित्य देव अवस्थित हैं। यह देवी रोहिणी के शिरोभाग में प्रजापति ब्रह्मा हैं। यह ब्रह्मा ही नन्दराज हैं।

रासलीला—वस्त्रहरण ॥

राशि चक्र से परिचय रहने पर रासलीला समझ में आसकता है कि " वस्त्रहरण " (लीला) समझने के लिये " गोलक " ज्ञान प्रयोजनीय है। पृथिवीस्थ ज्योतिषी गण ने पृथिवी के मेरु दण्ड (axis) उत्तर में प्रसारित कर गोलक में जो विन्दु प्राप्त होते हैं उस का नाम 'ध्रुवविन्दुरेखा' रक्खा है और पृथिवी से दृश्य गोलक, वि-षु-वत् मण्डल द्वारा द्विधा किया है।

राशि चक्र के केन्द्रस्थ ज्योतिर्विद (?) राशि चक्र के मेरु दण्ड को (axis) उत्तर में प्रसारित कर गोलक में जो विन्दु प्राप्त होता उस का नाम कदम्ब रक्खा है। और इस केन्द्र से दृश्य गोलक अयनमण्डल द्वारा द्विधा किया है। मान लो कि 'कदम्ब' पर सूर्य को रखने से अयनमण्डल से दक्षिण भागस्थ दृश्यगोलकार्द्ध अन्धकारमय होगा।

इस समय वस्त्रहरण देखो ! असीम गोलक के बीच आदित्य देव अवस्थित हैं। आदित्य देव का केन्द्र (centre) और गोलक का केन्द्र एक ही है ऐसा कहने में दोष नहीं। आदित्यमण्डल को वेष्टन कर राशि चक्र अवस्थित है; इस ससूर्य राशि चक्र का नाम 'सुदर्शनचक्र' है। इससे नाम की भी सार्थकता होती है यह देखो। सवितृ मण्डल के बीच नारायण श्रीकृष्ण इस केन्द्र में अवस्थित कर ससूर्य राशि चक्र को कुलाल-चक्र की नाईं घूमाते हैं। श्रीकृष्ण इस कुलाल चक्र का शक्तिमय मेधि काष्ठ हैं। सूर्यमण्डल--कुलाल चक्र का इहुकाष्ठ और राशि चक्र कुलाल चक्र का वेष्टन काष्ठ (वेलन काठ) है। यही कुलाल चक्र रासलीला का आदर्श (१) है।

गोपीगण (२७ नक्षत्र मय) राशिचक्र में अवस्थित रहकर सूर्य किरणरूपी वस्त्र में आवृत्त हो जगत् के चक्षु पर रह कर लोकों के अदृश्यभाव में

(१) कुलालचक्र प्रतिम मण्डल पद्मजाङ्कितम् । इति उत्कलकलिका ॥

य-गीत में मगन हैं। कुलाल चक्र की नाईं समूचे राशिचक्र घूमता है। न्तु सूर्य केन्द्र को त्याग नहीं करते हडूकाष्ठ की भांति केवल घूमते हैं। पीगण चक्र नृत्य में आदित्यदेव श्रीकृष्ण की प्रदक्षिणा करती हैं। यथा ूय मनोहर व्यापार है! विराट पुरुष का विराट व्यापार!

विराट पुरुष के नाभि स्थल में सूर्य हैं। किन्तु आदित्य देव पर्यन्त ल के वशवर्ती हैं। तृतीय दिन आदित्य देव को श्रीराधा नक्षत्र त्याग : अनुराधा नक्षत्र में पदार्पण करना पड़ेगा। किस का साध्य है कि इस यम को तोड़ सके? इधर गोपीगण रास में उन्मत्ता हैं। अनुरोध तो सुनेंगी हीं; रास में बाधा डालेंगी नहीं। उधर श्रीकृष्ण ने अपना माया-जाल विस्तार या। विराट के नाभि देशस्थित सूर्य कदम्ब पर स्थापित हुए और अयन स्थल के दक्षिणस्थ गोलकार्द्ध निवासिय हुआ। गोपी का-किरण वस्त्र अपहृत ीनागया) हुआ? जगज्जन, चन्द्रावली, चन्द्रलेखा, तुङ्गदेवी- चम्पकलता, देवी, और इन्दुलेखा प्रभृति तारा-सखियों को देख पाया। लज्जा से सखीगण ील समुद्र (१) में निमज्जित हुयीं किन्तु पयट्ट-प्रयाम। रूप छिपा नहीं"!

इस रूपक में सूर्य श्रीकृष्ण कदम्ब कदम्बवृक्ष, तारागण गोपी, सूर्यकिरण स्त्र, नील अन्तरिक्ष, कालिन्दी-जल, महर्षिगणर्पित इस सुधामय रूपक स मे जो विषमय फल धारण किया है, इस को देख कर महर्षिगण आत्म- लानि से दग्ध प्रायः हो गये। रासलीला भङ्ग हुयी। श्रीकृष्ण व्रज (अयन- मण्डल) में चले। सम्मुख में अनुराधा नक्षत्र हैं। भान्त आर्यकुल! जो ज्योतिष- ास्त्र तुम्हारे शयन में, स्वप्न में, उत्सव में, व्यसन में, शोक में, सुख में, समाज , विजन में, पाप में, पुण्य में, सहाय होता था, आज तुम लोग उसी ज्यो- तिषशास्त्र को भूल कर श्रीराधाकृष्ण के आह्लीन रासलीला के अस्तित्व में विश्वास करते हो!!! कहां श्रीकृष्ण! कहां राधा! पृथिवी के करोड़ों योजन से अधिक दूरी पर सूर्य, उस से लक्ष २ गुण योजन अन्तर पर राशिचक्र के नक्षत्र श्रीराधा आदि अवस्थित, दुर्दशामें पड़ने से इतना मोह पैदा होताहै। अादि काल आदित्यदेव श्रीकृष्ण का राशिचक्र ही "सुदर्शनचक्र" है। चक्री के उस चक्र के किरण जाल में आच्छन्न हो आर्यसन्तति, पुरस्थित प्राकृतिक रासलीला को देखनेमें असमर्थ होरहीहै। रूपक रक्षाके अनुरोध से, श्रीकृष्ण की रासलीला वर्णन में पुराणकार महर्षियों ने कौतुक च्छल से कुसुम में कवि-

(१) [illegible] का नाम है। ऋग्वेद १०।१८।६—१२

पद दो २ अर्थवाले शब्दों का भी प्रयोग किया है। इ
शास्त्र के पाठ और ज्योतिषशास्त्र के अनुशीलन में
पर्य्यवेक्षण (Observation) से भारतीय आर्यजा
प्रणीत पुराशास्त्र इन गद्य दो अर्थ वाले शब्दों के प्र
अर्थ हो गया, और महर्षिगण पूजित आदित्य देव
प्रकृतदेव श्रीहरि को भूल कर आर्य्यजाति अपने की
को भूल कर इधर उधर भटकती फिरती है। क्या
है! क्या भयावह विभ्राट भारत में उपस्थित हुआ
कौन पण्डित वेद का अर्थ कर सकता? मीमांसा द
छोड़ कर, कौन सुशिक्षित सुधीजन पुराण की व
भ्रम प्रमाद में पड़कर भारत माता के हृदय से आप
भक्ति स्थापन करने से पराङ्मुख होकर, शिक्षित क
कोई भी नवद्वीप में मानव-ईश्वर स्थापन में भक्ति
हैं। आर्यगण! एकवार आलस्य छोड़ कर नदान, प
परीक्षा करो तो वेदोक्त श्रीकृष्ण (श्रीविष्णु) के परि
कर सकोगे। खेद-दग्ध हो कर आर्य्यजाति को नि
नत मस्तक में, देश २ में, विदेश में, नगर नगर में, ग
में, घाट २ पर, श्रीकृष्णकी कलङ्क रटना और व्यङ्ग
इसी खेद से हम लोगों ने आज पुराण के रूपक
डाला है। नहीं तो ऐसी मनोरम अपूर्व मरीचिका
की प्रवृत्ति हो सकती? अब इस के आगे सिद्धान्त
के विषय संक्षिप्त विचार किया जायेगा और अन्या
शोक्त व्याख्यानों का वर्णन-सिद्धान्त शिरोमणि के
लिया जायेगा।

सिद्धान्तज्योतिषग्रन्थ ॥

भारतवासियो! आप वेद और धर्मशास्त्र अध्ययन करते हैं, वा वेद और धर्मशास्त्र अध्ययनार्थ तैयार हैं; परन्तु आप जानते हैं! यह क्या लिखा है-

"द्वे विद्ये वेदितव्ये इति ह स्म यद्ब्रह्मविदो वदन्ति परा चैवापरा च ।
तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेदः शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमिति" ॥ मुण्डक उ० १ । १ । ४, ५ ॥

अर्थात्-विद्या दो प्रकार की है, एक परा दूसरी अपरा । इन में ऋग्वेद यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त एवं ज्योतिष अपरा विद्या है । और जिस विद्या से अक्षर ब्रह्म का ज्ञान हो उसे परा विद्या कहते। न में से शिक्षा आदि वेदरूपी पुरुष के छः अङ्ग स्वरूप हैं जैसा कि कहा है-

"शब्द शास्त्रं मुखं ज्योतिषं चक्षुषी, श्रोत्रमुक्तं निरुक्तञ्च कल्पः करौ ।
या तु शिक्षाऽस्य वेदस्य सा नासिका, पादपद्मद्वयं छन्द आद्यैर्बुधैः" ॥१८॥

अर्थात्-वेदरूपी पुरुष के व्याकरण तो मुख, ज्योतिष नेत्र, शिक्षा नासिका, कल्प दोनों हाथ और छन्दः (शास्त्र) पैर हैं । क्या बिना नेत्र के वेद पुरुष को अन्धे रक्खेंगे एवं आप भी नेत्र हीन हो वेद के ज्योतिष सम्बन्धि गूढ़ मर्म्मों का उटपटाङ्ग अर्वाचीन अर्थ कर आर्यों का प्राचीन गौरव नष्ट करेंगे ?

ज्योतिष शास्त्र कहने से-यह न समझ लीजिये कि केवल फलित की चर्चा ही को ज्योतिष कहते किन्तु संहिता, जातक आदि और सिद्धान्त मिल कर ज्योतिष कहाता है। यह बात हम ही नहीं कहते किन्तु जगत् विख्यात पं० बापूदेव शास्त्री जी की बनाई हमारे सू० सि० की भूमिकामें पढ़ लीजिये । और महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी जी अपने " गणक तरङ्गिणी " नामक ग्रन्थ में जिस में सिद्धान्त ज्योतिषियों का इतिहास लिखा है। लिखते हैं कि-

" आधुनिका ज्योतिर्विदः फलमात्रवेदिनः "

व्याकरण शास्त्र मत्ताइव लघुपाराशरीजातकबोधशीघ्रबोधमुहूर्तचिन्ता-मणिनीलकण्ठीबृहज्जातकमितिनिमूलालोकदेशेन मना आत्मानं इव इत्थं-ज्योतिषशास्त्रपारङ्गतमन्यन्ते। तत्र सहस्रेषु महाराष्ट्रादिदेशेषु पारम्परासु मतस्थ लिख्यानुपपत्ति विज्ञानाभावाद्वा परतः श्रुत्वा या मेनि सर्वदग्रन्थेषु लिखितं विषयाद्वा ऽस्मदुपदिष्टं कुर्वन्ति" । गणकतरङ्गिण्याम्" पृ० १३२ ॥

अर्थात्-आज कल प्रायः लोग, छोटे से छोटे २ फलित ज्योतिष के ग्रन्थ शीघ्र बोध, मुहूर्तचिन्तामणि आदि पढ़ २ कर अपने को ज्योतिषी मान बैठते और

तिथिपत्र बना २ कर अपनी प्रसिद्धि करते हैं और वास्तविक ज्योति सिद्धान्त संहिता के ग्रन्थ नहीं पढ़ते इत्यादि । कतिपय ग्रन्थों में ज्योति शास्त्र के पांच भेद लिखे हैं जैसा कि–

पञ्चस्कन्धमिदंशास्त्रं होरागणितसंहिता" ।
केरलिशकुनश्चैव प्रवदन्तिमनीषिणः ॥ प्रश्नरत्नटीकाकारः ।

अर्थात्–ज्योतिषशास्त्र पांच प्रकार का है, १ होरा, २ गणित, ३ संहि ४ केरलि एवं ५ शकुन । इसी प्रकार पूर्वोक्त म० म० पं० सुधाकर जी ने उ ग्रन्थ के आरम्भ में लिखा है कि–"अस्ति सिद्धान्तहोरासंहितारूपं स्कन्ध यात्मकमष्टादशमहर्षिप्रणीतं ज्योतिःशास्त्रं वेदचक्षुरूपं परम्परातः प्रसिद्ध अष्टादशमहर्षयश्च ज्योतिःशास्त्र प्रतिपादका ये तेषां नामानि प्रकाशितानि । अत्र पुलस्त्य पौलिशयोर्भेदेन पराशरेण ज्योतिःशास्त्रप्रवर्त्तका एकोन शति संख्याका आचार्य्या अभिहिताः । केचनाष्टादशाचार्य्यानुरोधेन पुलस्त्य मनुविशेषणपरइति वदन्ति । नारदेन तु सूर्यं हित्वा सप्तदशाचार्या एव स हितायां प्रकाशिताः । तत्रापि ब्रह्माचार्यो वसिष्ठोऽत्रिरित्यादौ ब्रह्मसूर्यौ व ष्ठोऽत्रिरित्यनेपाठं वदन्ति ।

अथाहो एते संहिताकारा महात्मनो लगधस्य न कुर्व्वन्ति चर्चाम् । महात्मना वेदाङ्गमूलरूपं ज्यौतिषं पञ्चवर्षयुगवर्णनं परं विलक्षणं चक्रे ।

सूर्येण मयासुरकृते ब्रह्मणा नारदाय व्यासेन स्वशिष्याय वसिष्ठ माण्डव्यवामदेवाभ्यां पाराशरेण मैत्रेयाय पुलस्त्याचार्यो गर्गात्रिभिश्चैवं स्व शिष्येभ्यो ज्योतिःशास्त्र विशेषाः प्रतिपादिताः । तथाचाह पराशरः ।

"नारदाय यथा ब्रह्मा, शौनकाय सुधाकरः ।
माण्डव्यवामदेवाभ्याम्, वसिष्ठोयत्पुरातनम् ॥
नारायणो वसिष्ठाय, रामेशायापिचोक्तवान् ।
व्यासःशिष्याय सूर्योऽपि, मयासुरकृतेस्फुटम् ॥
पुलस्त्याचार्य्यगर्गात्रि, रोमकादिभिरीरितम् ।
विप्रस्वता महर्षीणाम्, स्वयमेव युगेयुगे ॥
मैत्रेयाय मयाप्युक्तम्, गुह्यमध्यात्मसंज्ञकम् ।
शास्त्रमाद्यं तदेवेदम्, लोकेयद्यापि दुर्लभम् ॥

(१)–"सूर्यः [illegible] वसिष्ठो[illegible] । [illegible] मरीचिर्मनुरङ्गिराः ॥ [illegible] भृगुः । शौनको[illegible] ज्योतिःशास्त्रप्रवर्त्तकाः ॥ [illegible] पराशर. । [illegible], गुर्ग [illegible] कश्यपो भृगुः ॥ [illegible] प्रवर्त्तकाः ॥"

अथैतेषामाचार्याणां समयादिनिरूपणं तत्तद्रचितसिद्धान्तानामलाभेऽतीव
ठिन्यमतोऽस्माभिस्तावज्ज्योतिषसिद्धान्तग्रन्थकारपुरुषका णामुत्तरोत्तरं ख-
प्रतिखण्डनद्वारेण बहुविशेषरचयितॄणां यावच्छक्यं तत्तद्ग्रन्थमर्मस्थलानां
गवलोकनेन समयादिकं निरूप्यते ॥

उपरोक्त संस्कृत का आशय–नीचे लिखे सिद्धान्तज्योतिष के ग्रन्थों के
र तो पाये जाते हैं पर ये ग्रन्थ नहीं मिलते अतएव ये ग्रन्थ कब २ बने
का पता लगाना कठिन है ॥

सिद्धान्त ज्योतिष ग्रन्थों के नाम ॥

ग्रन्थ नाम ।	ग्रन्थ नाम ।	ग्रन्थ नाम ।	ग्रन्थ नाम ।
१ ब्रह्मसिद्धान्त ।	६ मनुसिद्धान्त ।	११ पुलस्त्यसिद्धान्त ।	१६ च्यवनसिद्धान्त
२ मरीचिसिद्धान्त ।	७ अङ्गिरासिद्धान्त ।	१२ वसिष्ठसिद्धान्त ।	१७ गर्गसिद्धान्त ।
३ नारदसिद्धान्त ।	८ वृहस्पतिसिद्धान्त ।	१३ पराशरसिद्धान्त ।	१८ पुलिससिद्धान्त ।
४ कश्यपसिद्धान्त ।	९ अत्रिसिद्धान्त ।	१४ व्याससिद्धान्त ।	१९ लोमशसिद्धान्त ।
५ सूर्य्यसिद्धान्त ।	१० सोमसिद्धान्त ।	१५ भृगुसिद्धान्त ।	२० यवनसिद्धान्त ।

आधुनिक पौरुष ज्योतिष ग्रन्थ ॥

ग्रन्थ नाम ।	ग्रन्थ कर्त्ता	ग्रन्थनिर्माणकाल	स्थान
आर्य्यभटीय ।	पं० आर्यभट	४२३ शाके	पटना
पञ्चसिद्धान्तिका ।	पं० वराहमिहिर	४२७ ,,	कालपी
ब्रह्मस्फुटसिद्धान्त ।	पं० ब्रह्मगुप्त	५२० ,,	भीलमाल (दक्षिणपश्चिमोत्तर)
द्वितीयआर्यसिद्धान्त ।	द्वितीयआर्यभट्ट	८७५ ,,	——
सिद्धान्त शिरोमणि ।	पं० भास्कराचार्य्य	१०७२ ,,	दौलताबाद
सिद्धान्तसार्वभौम ।	पं० मुनीश्वर	१५२५ ,,	एलचपुर
तत्वविवेक ।	पं० कमलाकर भट्ट	१५८० ,,	विदर्भ

आर्यभटीय ॥

उपलब्ध पौरुष ज्योतिष ग्रन्थों में सब से पुराना–" आर्यभटीय " है।
ार्यभट नामक ज्योतिषी ने आर्याछन्द के १२० श्लोकों में इस ग्रन्थ को शाके
२३ में–स्थान कुसुम पुर (बिहार प्रान्त के अन्तर्गत पाटलिपुत्र या पटना)
बनाया और इस ग्रन्थ का नाम "आर्यभटीय" रक्खा। लोग इसे "आर्य-
सिद्धान्त," "लघु आर्यसिद्धान्त" या "प्रथमार्य–सिद्धान्त" भी कहते हैं। आर्य-
ट स्वयं अपने जन्मस्थान एवं ग्रन्थ निर्माणकाल के विषयमें यों लिखते हैं कि—

" ब्रह्म कु शशिबुधभृगुरविकुजगुरुकोणभगणान्नमस्कृत्य ।
आर्य्यभटस्त्विह निगदति कुसुम पुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम्॥१॥आ०भ०गी०२१श्लो०
भा०:–पृथिवी, चन्द्रमा, बुध, शुक्र, आदि अभिहित परब्रह्म को नम-

स्कार कर आर्यभट इस 'कुसुम पुर' (पटना) के लोगों से समादृत आर्यभ
ग्रन्थ को कहते हैं ॥ १ ॥ पुनः—

"षष्ट्यब्दानां षष्टिर्यदा व्यतीतास्त्रयश्च युगपादाः ।

त्र्यधिका विंशतिरब्दास्तदेह मम जन्मनोऽतीताः ॥ आ०भ०गी०३श्लो०

भा०:—इस वर्त्तमान २८ वीं चौयुगी के चतुर्थ भाग में से तीसरे भाग
६० वर्ष वीतने पर मेरा (आर्यभट का) जन्म हुआ । और मेरे जन्म
से अब तक २३ वर्ष वीत गयीं । वर्त्तमान महायुग के चतुर्थपाद के ३६००
वर्ष वीतने पर मेरी उमर २३ वर्ष की हुई । इसी समय मैं ने इस ग्रन्थ
रचा ॥ १० ॥ पुनः आर्यभट ने यह भी लिखा है कि मैं ने यह ग्रन्थ प्राचीन
वैदिक ज्योतिष के अनुसार ही बनाया है—इसे नवीन रचना समझ कर
इस की निन्दा न करेः—

" सदसज्ज्ञान समुद्रात् समुद्धृत देवताप्रसादेन ।

सज्ज्ञानोत्तमरत्नं मया निमग्नं स्वमति नावा ॥" आ०भ०गी०४९श्लो०४९

भा०:—ज्योतिषशास्त्ररूपी समुद्र में अपनी बुद्धिरूपी नौका पर सवार
समुद्र में निमग्न होकर ब्रह्मा (ब्रह्मकृत वेदाङ्ग ज्योतिष) की कृपा से
रूप रत्न को मैं ने (आर्यभट ने) बाहर किया अर्थात् प्रकाशित किया॥४९॥पुन

" आर्यभटीयं नाम्ना पूर्वं स्वायम्भुवं सदा सद्यत् ।

सुकृतायुषोः प्रणाशं कुरुते प्रति कञ्चुकं योऽस्य ॥ आ०भ०गी०४श्लो०५०

भा०:—आदि काल में [illegible] ज्योतिषशास्त्र को वेद से निकाल कर
मैं—प्रचार किया गया उसी ज्योतिषशास्त्र को अर्थात् वैदिक ज्योतिषशास्त्र
मैं ने (आर्यभट ने) "आर्यभटीय" नाम से प्रकाशित किया । इस शास्त्र
को कोई व्यक्ति मिथ्या दोष दिखलाकर इस का तिरस्कार करेगा—उस
पुरुष के पुण्य का यश एवं आयु का नाश होगा ॥ ५० ॥

इस "आर्यभटीय" में दो मुख्य भाग हैं और १०८ आर्या छन्द के श्लोक
[illegible] कोई २ इस को "आर्याष्टशत" भी कहते हैं, इन दो भागों को कोई
टीका-[illegible] दो [illegible] मानते हैं—[illegible] कि—इस के टीकाकारों में
[illegible] टीकाकार ने—इन भागों को दो प्रबन्ध मानकर प्रत्येक की आदि
[illegible] किया है [illegible] इन दो भाग
[illegible] परन्तु [illegible] मालूम होता है कि [illegible]
[illegible] एक बार छोड़ दिया गया
[illegible]
[illegible]

नहीं रक्खा है और न उस के अन्त में उपसंहार ही किया है, एकत्र पूरे दोनों भागों का) ग्रन्थ के अन्त में ही उपसंहार किया है और "आर्यभटीय" ऐसा नाम रक्खा है। इसीप्रकार ग्रन्थकार ने ग्रन्थ भर में चार पाद रक्खे हैं पाद का अर्थ चौथा भाग है और चतुर्थ भाग किसी पूरे १६ अंशों की वस्तु में होता है-अतएव प्रथम पाद के पूर्व दो श्लोक, प्रथम पाद में १० श्लो०, द्वितीय में ३३ श्लो०, तृतीय पाद में २५ और चतुर्थ में ५०, यों सब मिल कर १२० श्लोक हैं। परन्तु "आर्याष्टशत" इस लेख को देख कर बहुतसे यूरोपियन विद्वानों ने भ्रम से इस ग्रन्थ में ८०० श्लोकों का होना माना है। जो श्रीमान् डाक्टर करन साहब के-सन् १८७४ ई० के छप वाये संस्कृत टीकासहित आर्यभटीय के देखने से पाश्चात्य विद्वानों का ८०० आर्या श्लो० होने का भ्रम दूर हुआ। आर्यसिद्धान्त नाम से एक दूसरा भी ज्योतिष ग्रन्थ-प्रसिद्ध है-उस पर विचार किया जाता है।

द्वितीय आर्य्यसिद्धान्त ॥

द्वितीय आर्यभट शाक ८७५ में हुए " प्रथम आर्यभट " के अतिरिक्त यह एक द्वितीय "आर्यभट" नवीन हुए, अतएव इन्हें "द्वितीयआर्यभट" और इन के ग्रन्थ को " द्वितीयआर्यसिद्धान्त " कहते हैं। पूना के " दक्षिण-कालिज " में " द्वितीय आर्यसिद्धान्त की एक प्रति है जिस पर " लघुआर्य-सिद्धान्त " लिखा है, परन्तु स्वय ग्रन्थकार ने अपने ग्रन्थ में ग्रन्थ का नाम "लघु" या "वृहत्" कुछ भी नहीं लिखा है। इस ग्रन्थ के पहिली " आर्या " (छन्द) में लिखा है कि—

" विधि च खगागम पाटी कुट्टक बीजादि दृष्टशास्त्रेण।

आर्यभटेन क्रियते सिद्धान्तो रुचिर आर्याभिः " ॥

भाः-इन ने अपने ग्रन्थ को "सिद्धान्त" ऐसा लिखा है इन के पूर्व के " आर्यभट " से यह नवीन हैं, (जो आगे सिद्ध होगा) इसलिये इन को "द्वितीय आर्यभट" और इन के सिद्धान्त को "द्वितीय आर्यसिद्धान्त" कहते हैं। इन ने अपना ग्रन्थ निर्माण या जन्मकाल के विषय में कुछ नहीं लिखा है। किन्तु " पराशरसिद्धान्त " ग्रन्थ का मध्यम मान दिया है इससे इन ने दोनों सिद्धान्त ग्रन्थों का उल्लेख किया है।

"एतत् सिद्धान्तद्वयमीषद्याते कलौ युगे जातम्" ॥ २ ॥ अध्याय २ ॥

इस के अनुसार कलियुग के थोड़े ही समय बीतने पर ये दोनों सिद्धान्त रचे गये ऐसा दिखलाने का-इस का उद्देश्य है।

परन्तु ब्रह्मगुप्त के अनन्तर यह ग्रन्थ रचा गया ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता
इस का कारण यह है कि यह अपने सिद्धान्त को कलियुग के आरम्भ ही
बनना बतलाते हैं, इस से अपने ग्रन्थ को पौरुष ग्रन्थकारों में गण
करते हैं। ब्रह्म गुप्त के पहिले इन के ग्रन्थोल्लिखित वर्तमान था, अन्य
मानों का वस्तुतः कहीं प्रचार होने का कोई प्रमाण नहीं मिलता।
ब्रह्म गुप्त ने अपने ग्रन्थ में आर्यभट–के दूषणों को सब से पहिले दिखल
है। इस से ब्रह्मगुप्त के पहिले प्रथम–आर्यभट हुए यह सिद्ध होता
द्वितीय आर्यभट के सिद्धान्त के किसी विषय का उल्लेख ब्रह्मगुप्त ने
किया, यदि द्वितीय–आर्यभटग्रन्थ उस समय या उससे पहिले बना ह
तो अवश्य इस का भी उल्लेख ब्रह्मगुप्त करते। " पञ्चसिद्धान्तिका " (
शाके ४२७ का बना है) में अय .गति का उल्लेख कुछ भी नहीं दीखता। प
आर्यभट, ब्रह्मगुप्त, लल्ल, इन के ग्रन्थों में अयनगति का वर्णन नहीं है
इस द्वितीय आर्यसिद्धान्त में इसकावर्णन है। अधिक क्या कहा जावे-प्रथम आर
के जो २ दूषण ब्रह्मगुप्त ने दिखलाये हैं, उस २ के उद्धार का यत्न, द्वि
आर्यभट ने किया है। इन के ग्रन्थ में युगपद्धति (सत, त्रेता, द्वापर, क
है, कल्प का आरम्भ रविवार को माना है, और पहिला आ०
में युग के आरम्भ में मध्यमग्रह एकत्र रहते, स्पष्टग्रह एकत्र नहीं रहते
लिखा है। इसका खण्डन ब्रह्मगुप्त ने किया है (अ० २। आर्या ४६) प
द्वितीय आर्यभट के प्रमाण से सृष्टि के आरम्भ में स्पष्ट ग्रह एकत्र होते हैं
सब प्रमाणों से ब्रह्मगुप्त के अनन्तर अर्थात् शाके ५८७ के अनन्तर २रे आ० भ
यह उस समय का प्राचीन सिद्धान्त माना जाता और अर्वाचीन सिद्धान्त
से पहिले आर्यकुलभूषण पं० भास्करा चार्य ने रचा। सिद्धान्त शिरोमणि
भा०ः—जिस प्रकार मन्दस्फुट चन्द्रमा स्वपात सम अपमण्डल में चलता है उसी प्रकार गुरु, कुज, और कोण स्वमन्दस्फुट पात सम अपमण्डल में चलते हैं। तब क्रमशः उत्तर होकर जाता है। पात से तीन राशि के अन्तर पर मन्दस्फुट में परमविक्षेपसम उत्तर गमन करता है। पात से ६ राशि के अन्तर पर मन्दस्फुट अपमण्डल में चलते हैं। तब क्रम से दक्षिण से जाते हैं। वहां भी तीन राशि के अन्तर पर परम विक्षेप सम दक्षिण को जाता है। एवं गुरु, कुज, मन्द के आविर्भूत विक्षेपमण्डल का संस्थान है बुध और शुक्र के स्वमन्दफल को अपने शीघ्रोच्च में व्यस्त (उल्टा) करके उससे अपने पात को घटाकर विक्षेप साधे। इसलिये मन्दफल संस्कृत शीघ्रोच्च स्वपात सम अपमण्डल में चलते हैं; तब क्रम से उत्तर जाते हुए पात से तीन राशि के अन्तर पर शीघ्रोच्च में परम विक्षेपसम उत्तर गमन छः राशि अन्तर पर अपमण्डल में चलने से। तब क्रम से दक्षिण जाते हुए वहां भी राशि के अन्तर पर परमविक्षेप सम दक्षिण गमन करता है। इसीप्रकार सब का विक्षेपमण्डल अपमण्डल में स्वपात के दोनों भाग में बन्धा उन दोनों से तीन राशि के अन्तर पर उत्तर दक्षिण करके अपमण्डल से परम विक्षेपान्तमित होता है ॥ ३ ॥

चन्द्रोंऽशैर्द्वादशभिरविक्षिप्तोऽर्कान्तरस्थितैर्दृश्यः।

नवभिर्भृगुर्भृगोस्तैर्द्व्यधिकैर्द्व्यधिकैर्यथाश्लक्ष्णाः ॥४॥

अविक्षिप्तो मृगाङ्कस्त्वार्कान्तरस्थितैर्द्वादशभिरंशैर्दृश्यः। (नवभिर्भृगुः। नवभिः कालांशैर्भृगुर्दृश्यः)। नवभिर्विनाडिकाभिरित्यर्थः। भृगोरुक्तैस्तैर्द्व्यधिकैर्गुरुर्दृश्यः। एकादशभिः कालभागैरित्यर्थः। तैर्द्व्यधिकैर्बुधो दृश्यः। त्रयोदशभिः कालभागैरित्यर्थः। तैर्द्व्यधिकैश्शनिर्दृश्यः। पञ्चदशभिः कालभागैरित्यर्थः। तैर्द्व्यधिकैः कुजोदृश्यः सप्तदशभिः कालभागैरित्यर्थः। यथाश्लक्ष्णाः। यथासूक्ष्मा इत्यर्थः। शुक्राद्गुरुस्सूक्ष्मः। ततो बुधः। ततो मन्दः। ततः कुजः। भृगुगुरुबुधशनिभौमाश्शशिङञणनमांशका इति (दशगीतिकायाम् ५।) इत्युक्तत्वोक्तः। विक्षिप्ते ग्रहे तु दर्शनसंस्कारयुतग्रहसूर्ययोरन्तरालगतैरंशैर्यथोक्तसंख्यैर्दृश्यो भवति। स्वतोऽप्रकाशस्य भूम्यादेः प्रकाशहेतुमाह।

भा०ः—सूर्य से १२ अंश दूर पर चन्द्रमा दृश्य होता है, ९ भी कालांश अर्थात् विनाडिका से शुक्र दृश्य होता है, गुरु ११ कालांश, बुध १३ कालांश

शनि १५ कालांश, मङ्गल १७ कालांश पर दृश्य होते हैं। जो २ ग्रह जैसे २ सूक्ष्म होते हैं। वह २ ग्रह वैसे २ अधिक कालांश पर दीख पड़ते हैं। शुक्र से गुरु सूक्ष्म, पुनः बुध, तब शनैश्चर, फिर मङ्गल है ॥ ४ ॥

भूग्रहभानां गोलार्धानि स्वच्छायया विवर्णानि।
अर्धानि यथासारं सूर्याभिमुखानि दीप्यन्ते ॥५॥

भूमेश्चन्द्रादीनां ग्रहाणां भानामश्विन्यादितारकाणामितरतारकाणाञ्च गोलार्धानि सर्वतोवृत्तानां स्वशरीराणामर्धानि स्वच्छायया विवर्णानि स्वभावसिद्धेन रूपेण विवर्णानि। अप्रकाशात्मकानि। अथवा स्वच्छायया स्वशरीरेणार्कस्यव्यवधानादुत्पन्ना या छाया तमोरूपा तया विवर्णानीति। सूर्याभिमुखान्यन्यान्यर्धानि यथासारं दीप्यन्ते। अल्पशरीरा अल्परूपा दीप्यन्ते महाशरीरा महारूपा दीप्यन्ते। इत्यर्थः। चन्द्रस्य चार्धं सदा प्रकाशवद्भवति। अमावास्यायां चन्द्रस्योर्ध्वार्धं प्रकाशवद्भवति। तस्मादस्माभिस्तदर्धमदृश्यं भवति। प्रतिपदादिषु क्रमेण सितभागोऽधो लम्बते। पूर्णायामधोऽर्धं सर्वं सितं भवति। तस्मादस्माभिर्दृश्यमर्धं सितं भवति। बुधशुक्रावर्कादधःस्थावपि तयोस्सूर्यासत्त्या सूर्यबिम्बस्य महत्त्वाच्च सदा सितमेव तयोर्बिम्बं भवति। कायासंस्थानं भूसंस्थानञ्चाह।

भा०:-पृथिवी, चन्द्रमा, एवं अन्यान्य ग्रह, अश्विनी आदि तारागण के गोलार्द्ध अर्थात् आधा भाग-अपने शरीर का आधा भाग अपनी छाया से (सूर्य के प्रकाश के कारण) अप्रकाशात्मक होता है। और शेषार्द्ध इनके सूर्य के सम्मुख होने से प्रकाशित होते हैं। अल्प शरीर वाले अल्प रूप से, बड़े शरीर वाले बड़े रूप से प्रकाशित होते हैं। चन्द्रमा का आधा भाग सदा प्रकाशवान् होता है ॥ ५ ॥

वृत्तभपञ्जरमध्ये कक्ष्यापरिवेष्टितः खमध्यगतः।
मृज्जलशिखिवायुमयो भूगोलस्सर्वतोवृत्तः ॥६॥

भपञ्जरो नक्षत्रकक्ष्या। वृत्ताकारनक्षत्रकक्ष्याया मध्ये भूर्भवति। कक्ष्यापरिवेष्टितः। चन्द्रार्कादिग्रहाणां कक्ष्यामध्यगत इत्यर्थः। खमध्यगतः। ब्रह्माण्डकटाहावच्छिन्नस्याकाशस्य मध्यगतः। मृज्जलशिखिवाय्वात्मकः सर्वतोवृत्तश्च भूगोलो भूमिर्भवति। भानामध इत्यादिभिरुक्तं भूसंस्थानस्य पुनर्वचनं प्राणिसंचारमदर्शयितया एवंभूतायां भुवि सर्वत्र प्राणिनां संचारोऽस्तीति दर्शनार्थं तत्प्राणिसंचारं प्रदर्शयति ॥

भा०:–वृत्ताकार नक्षत्र कक्षा में पृथिवी है, चन्द्रमा, सूर्य्य आदि ग्रहक से परिवेष्टित आकाश के बीच जिस प्रकार दो कटाह के . सम्पुट की न अवस्थित है। मृत्तिका, जल, वायु, अग्निमय सब ओर से घिरा हुआ भूगो अवस्थित है ॥ ६ ॥

यद्वत् कदम्बपुष्पग्रन्थिः प्रचितस्समन्ततः कुसुमैः।
तद्वद्धि सर्वसत्त्वैर्जलजैस्स्थजैश्च भूगोलः ॥७॥

यथा कदम्बाख्यवृक्षस्य कुसुमग्रन्थिस्समन्ततः सर्वत ऊर्ध्वभागे पार्श्वेषु कुसुमैः प्रचितः। तथा वृत्ताकारो भूगोलश्च जलजैस्सर्वसत्त्वैः स्थलजैस्सर्वसत्त्वैः सर्वतः प्रचितः। भूगो सर्वत्र स्थावरजङ्गमा नदीतटाकादयश्च भवन्तीत्यर्थः कल्पेन संभूतं भूमेर्वृद्धयुपचयमाह।

भा०:–यह भूगोल कदम्ब के फूल के केशर के फैलावसा सब ओर पर्वत आराम, ग्राम, नदी आदि से घिरा हुआ है ॥ ७ ॥

ब्रम्हदिवसेन भूमेरुपरिष्टाद्योजनं भवति वृद्धिः।
दिनतुल्ययैव रात्र्या मृदुपचितायास्तदिह हानिः ॥८॥

ब्रह्मदिवसेन भूमेरुपरिष्टाद्योजनं वृद्धिर्भवति। समन्ताद्योजनं वृद्धिर्भवतीत्यर्थः। दिन तुल्यया रात्र्या ब्रह्मणो रात्र्या मृदोपचितायाः भूमेस्तद्धानिर्भवति। योजनं हानिर्भवतीत्यर्थः। अतः कल्पादौ पञ्चाशदधिकं योजनसहस्रं भूमेर्विष्कम्भः। अन्तरालेऽनुपातेन कल्प्यः। इत्युक्तं भवति। भूमेः प्रागगमनं नक्षत्राणां गत्यभावमिच्छन्ति केचित् तन्मिथ्याज्ञानवशादित्याह।

भा०:–एक ब्राह्म दिन में सब ओर से पृथिवी की एक योजन वृद्धि होती है, एवं ब्राह्मरात्रि में पृथिवी की एक योजन हानि होती है। इसलिये कल्प की आदि में पृथिवी का १०५० योजन व्यास होता है ॥ ८ ॥

अनुलोमगतिर्नौस्थः पश्यत्यचलं विलोमगं यद्वत्।
अचलानि भानि तद्वत् समपश्चिमगानि लङ्कायाम् ॥९॥

यथा नौस्थो गमनं कुर्वन् पुरुषोऽनुलोमगतिस्स्वाभिमतां पश्चिमां दिशं गच्छन्नचलं नद्या उभयपार्श्वगतमचलं वृक्षपर्वतादिवस्तु विलोमगं प्राचीं दिशं गच्छदिव पश्यति तथा भानि नक्षत्राणि लङ्कायां समपश्चिमगानि कर्म्भूतानि चलमानि भूमिगतान्यचलवस्तूनि दर्शनानि विलोमगानीव प्राचीं दिशं गच्छन्तीव पश्यति। लङ्कादि विषुवद्देशे स्थित नक्षत्रपञ्जरस्य समपश्चिमगत्वम्।

मिथ्याज्ञानवशादुत्पन्नां प्रत्यग्गमनप्रतीतिमङ्गीकृत्य भूमेः प्राग्ग- परमार्थतस्तु स्थिरैव भूमिरित्यर्थः। भपञ्जरस्य भ्रमणहेतुमाह।
। नौका में बैठा हुआ मनुष्य किनारे की स्थिर वस्तुओं को दू- चलते हुए देखता है, ऐसे ही मनुष्यों को सूर्य्यादि नक्षत्र जो न की ओर चलते हुए दीखते हैं और पृथिवी स्थिर मालूम तु वास्तव में भूमि ही चलती है॥ ९॥

स्तमयनिमित्तं नित्यं प्रवहेण वायुनाक्षिप्तः।
समपश्चिमगो भपञ्जरस्सग्रहो भ्रमति ॥१०॥

ामुदयास्तमयहेतुभूतो भपञ्जरो नक्षत्रगोलो राशिचक्रात्मकः प्रव- ना सदा आक्षिप्तो लङ्कायां समपश्चिमगो ग्रहैस्सह भ्रमति। मेरु- रूपञ्चाह।
र्य्यादि के उदय और अस्त के हेतु भूत भपञ्जर अर्थात् नक्षत्रगोल वायु द्वारा सदा आक्षिप्त लङ्का में सम पश्चिम ग्रहों के साथ १० ॥

ोजनमात्रः प्रभाकरो हिमवता परिक्षिप्तः।
नवनस्य मध्ये रत्नमयस्सर्वतोवृत्तः ॥११॥

नमात्रोऽच्छ्रितस्तावद्विस्तृतश्च। सर्वतोवृत्तो रत्नमयत्वात्प्रभाकरश्च ः। हिमवता पर्वतेन परिक्षिप्तो नन्दनवनस्य मध्ये भवति। भू- निर्गतो मेरुरित्याह। तथाच मयः। (सूर्यसिद्धान्ते भूगोला- ३२—३४।)

"मध्ये समन्तादण्डस्य भूगोलो व्योम्नि तिष्ठति।
बिभ्राणः परमां शक्तिं ब्रह्मणो धारणात्मिकाम्॥
तदन्तरपुटास्सप्त नागासुरसमाश्रयाः।
दिव्यौषधिरसोपेता रम्याः पातालभूमयः॥
अनेकरत्ननिचयो जाम्बूनदमयो गिरिः।
भूगोलमध्यगो मेरुरुभयत्र विनिर्गतः॥"

मेरुवडवामुखाद्यवस्थानप्रदेशमाह।
मेरु योजनमात्र ऊंचा है और योजनमात्र विस्तृत है, सब ओर से रत्नमय होने से प्रकाशवान् है। हिमवान् पर्वत से परिक्षिप्त नन्दन में अवस्थित है॥ जैसा कि सूर्यसिद्धान्त में लिखा है:—ब्रह्मा की

धारणात्मिका परमाशक्ति के ऊपर यह भूगोल अण्ड (ब्रह्माण्ड) के बीच काश में भ्रमण करता हुआ अवस्थित है ॥ उस भूगोल के भीतर नाग असुर आदि मनुष्य विशेष के निवास को ७ पाताल कहते हैं (अतल, वि सुतल, तल तलातल, रसातल, पाताल, जिन में अनेक प्रकार स्वप्रकाश रमणीक ओषधि हैं ॥ (सू० सि अ० १२ श्लोक ३२।३४) ॥११॥

स्वर्मेरू स्थलमध्ये नरको वडवामुखश्च जलमध्ये ।
अमरमरा मन्यन्ते परस्परमधस्स्थतान्नियतम् ॥१२॥

मेरुभागगतं भूमेरर्धं भूप्राचुर्यात्स्थलसंज्ञम् । वडवामुखमर्धं जलप्राचुर्या ससंज्ञम् । तत्र स्थलमध्ये मेरुस्स्वर्गश्च भवति । जलमध्ये नरको वडवामु भवति । अमरास्स्वर्गवासिनः । मरा नरकवासिनः । स्वर्गवासिनोऽस्माकम स्स्थिता नरकवासिन इति मन्यन्ते । नरकवासिनश्च तथास्माकमधस्स्थि स्स्वर्गवासिन इति मन्यन्ते ।

"उपरिष्टात् स्थितास्तस्य सेन्द्रा देवा महर्षयः ।
अधस्तादसुरास्तद्वद्द्विषन्तोऽन्योन्यमाश्रिताः ॥"

इति । (सूर्यसिद्धान्ते भूगोलाध्याये श्लो० ३५ ।) तस्य मेरोरिति शेषः ।

"ततः समन्तात्परिधिः क्रमेणायं महार्णवः ।
मेखलावत् स्थितो धात्र्या देवासुरविभागकृत् ॥"

इति च (तत्रैव श्लो० ३६ ।) ॥ स्थलजलांशयोस्सन्धौ भूमेः परितो भू रिधिचतुर्थभागान्तरालव्यवस्थिताश्चतस्रो नगरीराह ।

भा०:-मेरु भागगत भूमि का आधा भाग मृतिका की अधिकता स्थल संज्ञक है। और वडवामुख शेष आधा भाग जल की अधिकता से नर संज्ञक है। उस स्थल में मेरु (स्वर्ग) रहता है। जल में वडवामुख (नर क) है। अमर, (स्वर्गवासी) मरा (नरकवासी) स्वर्गवासी गण समझ हैं कि नरकवासी लोग हमारे नीचे रहते हैं एवं नरकवासी गण जानते कि स्वर्गवासी गण हमारे नीचे रहते हैं ॥ १२ ॥

उदयो योलङ्कायां सो ऽस्तमयस्सवितुरेव सिद्धपुरे ।
मध्यान्हो यवकोट्यां रोमकविषये ऽर्धरात्रस्स्यात् ॥१३॥

लङ्का दक्षिणादिग्गता । तस्यां च उदयः । यदा सूर्योदय इत्यर्थः । सिद्धपुरे च पश्चिमगयः । तदानेरस्तमयस्तादित्यर्थः । सिद्धपुरी नाम नगर्युत्तरदिशि

... भवति। स एव लङ्कोदयो यवकोट्यां मध्याह्नस्स्यात्। तदा ... इत्यर्थः। पूर्वदिशि यवकोटिसंज्ञा नगरीत्यनेनोक्तं भवति। रोम- स एवोदयोऽर्धरात्रस्स्यात्। पश्चिमदिशि स्थिता सा नगरीत्यनेनोक्तं ति। तथाच गदः (तत्रैव श्लो० ३७-४१।)

"समन्तान्मेरुमध्यात्तु तुल्यभागेषु तोयधेः।
द्वीपेषु दिक्षु पूर्वादिनगर्यो देवनिर्मिताः॥
भूवृत्तपादे पूर्वस्यां यवकोटीति विश्रुता।
भद्राश्ववर्षे नगरी स्वर्णप्राकारतोरणा॥
याम्यायां भारतवर्षे लङ्का तद्वन्महापुरी।
पश्चिमे केतुमालाख्ये रोमकाख्या प्रकीर्तिता॥
उदक् सिद्धपुरी नाम कुरुवर्षे प्रतिष्ठिता।
तस्यां सिद्धा महात्मानो निवसन्ति गतव्यथाः॥"

इति॥ रवेस्समन्ताद्भ्रमणात्प्रतिदेशं कालभेदस्य पूर्वादिदिग्विभागोऽत्र ...मधिकृत्य मेरुस्थानात् कृतः॥ मेरुलङ्कयोर्बडवामुखलङ्कयोश्चान्तरालप्रदेशं ...ज्जयिन्योरन्तरालप्रदेशञ्चाह।

भा०—जिस समय लङ्का (दक्षिण दिशा में) में सूर्योदय होता, उस ...य सिद्धपुरी (उत्तर दिशा में है) में सूर्यास्त, यव कोटी में मध्यान्ह (पूर्व ...ा में है) और रोमक नगर (पश्चिम दिशा में है) में आधीरात होती है॥१३॥

स्थलजलमध्याल्लङ्का भूकक्ष्याया भवेच्चतुर्भागे।
उज्जयिनी लङ्कायास्तच्चतुरंशे समोत्तरतः॥१४॥

स्थलमध्यान्मेरुस्थानात् भूकक्ष्यायाश्चतुर्भागान्तरे लङ्का भवति। तथा जल ...ाद्बडवामुखस्थानाच्च भूकक्ष्यायाश्चतुर्भागान्तरे लङ्का भवति। लङ्कावरसिद्ध- ...यवकोटिरोमकविषयाश्च स्थलजलमध्याद्भूकक्ष्याचतुर्भागे भवन्ति। लङ्का- ...समोत्तरदिशि चतुरंशे। भूकक्ष्याचतुर्भागस्य चतुरंशे। भूकक्ष्यायाष्षोडशांशे। ...यिनी नाम नगरी भवति। उज्जयिनी लङ्कायास्समोत्तरदिशि भूकक्ष्याया ...शांशे। इति केचिद्वदन्ति। तैरप्यान्तरन्तु प्रदर्शितम्।

"लङ्कोत्तरतोऽवन्ती भूपरिधेः पञ्चदशभागे॥"

...ते ब्रह्मगुप्तः॥ भूपृष्ठस्थितैर्ज्योतिश्चक्रस्य द्रष्टव्यदृश्यत्व भागमाह।

भा०—स्थल मध्य से अर्थात् मेरुस्थान से भू कक्षा के चतुर्थ भाग अन्तर

लङ्का है। जल स्थान से अर्थात् यद्वा मुख स्थान से चतुर्थ भाग अन्तरा
तङ्का है। लङ्का की नाईं सिद्धपुर, यवकोटी और रोमक भी भूकक्षा के चतु
। अन्तराल में है। लङ्का के समान उत्तरदिशा में भूकक्षा के चतुर्थ अंश
के भाग में अर्थात् १६ अंश पर उज्जयिनी नगरी है ॥ १५ ॥

भूव्यासार्धेनोनं दृश्यं देशात्समाद्भगोलार्धम् ।
अर्धं भूमिच्छन्नं भूव्यासार्धाधिकञ्चैव ॥१५॥

समाद्देशात् पर्वतादिव्यवधानरहिताद्भूपृष्ठाद्भगोलार्धं ज्योतिश्चक्रस्योपर्यर्धं
ासार्धेनोनं भूव्यासार्धतुल्यांशहीनं दृश्यं भवति। अपरमर्धं भूव्यासार्धेना-
कं भूमिच्छन्नमदृश्यं भवति। एतदुक्तं भवति। ज्योतिश्चक्रस्य यदूर्ध्वार्धं तस्य
भागे भूव्यासार्धतुल्योंऽशोऽस्माभिरदृश्यो भवति भूपृष्ठव्यवधानात्। तथा प-
मभागेऽपि भूव्यासार्धतुल्यांशोऽस्माभिरदृश्यो भवति। अतस्ताभ्यामंशाभ्यां
मुपर्यर्धं समदेशे भूपृष्ठेऽवस्थितैर्दृश्यं भवति। अपरमर्धं ताभ्यामंशाभ्यां युतं
मच्छन्नत्वात् समदेशे भूपृष्ठेऽवस्थितैरदृश्यं भवति॥ ज्योतिश्चक्रे देवासुर दृश्य-
माह।

भा०:-सम देश से अर्थात् पर्वत आदि से व्यवधान रहित भूपृष्ठ से भगोलार्द्ध
तिश्चक्र के ऊपर का आधा-भूव्यासार्द्ध से ऊन-अर्थात् भूव्यासार्द्ध तुल्यांश
। दृश्य होता है। दूसरा आधा भूव्यासार्द्ध से अधिक भूमिछन्न-अदृश्य
ा है। आशय यह है कि भूपृष्ठ के व्यवधान से ज्योतिश्चक्र का जो ऊर्ध्व
भाग है उस के पूर्व भाग में भूव्यासार्द्ध तुल्यांश हम लोगों से अदृश्य होता है।
पश्चिमभाग में भूव्यासार्द्ध तुल्यअंश हम लोगों से अदृश्य होता है। इस
ण उन अंशों से हीन ऊपर नीचे देश में भूपृष्ठ में अव स्थित पुरुष से
होता है। दूसरा अर्द्ध उन अंशों से युक्त भूमि से छिपे होने से समदेश
पृष्ठ पर अवस्थित पुरुष से अदृश्य होता है ॥ १५ ॥

देवाः पश्यन्ति भगोलार्धमुदङ्मेरुसंस्थितास्सव्यम् ।
अपसव्यगं तथार्धं दक्षिणवडवामुखे प्रेताः ॥१६॥

उदग्गतमेरुसंस्थिता देवास्सव्यं भगोलार्धं ज्योतिश्चक्राभिमुखस्य लङ्कास्
रूपस्य सव्यभागगतं पश्यन्ति। उदग्गतमर्धमित्यर्थः। दक्षिणभागगतम
े स्थिताः प्रेता नरकवासिनोऽपसव्यगं दक्षिणभागगतमर्धं पश्यन्ति

ादिगमुदगर्धं देवाः पश्यन्ति। तुलादिगं दक्षिणमर्धं नरकवासिनः पश्यन्ति। र्थः। केचिदेवं वदन्ति। ज्योतिश्चक्रस्योदगर्धं सव्यं सव्यगं मेरुस्था देवाः यन्ति। दक्षिणमर्धमपसव्यगमसुराः पश्यन्ति। तथाच ब्रह्मगुप्तः।

"सौम्यमपमण्डलार्धं मेषाद्यं सव्यगं सदा देवाः।
पश्यन्ति तुलाद्यर्धं दक्षिणमपसव्यगं दैत्याः॥"

इति। अत्रैवं योज्यम्। मेरुवडवामुखयोर्ज्योतिश्चक्रवद्भ्रमतां देवासुराणां व्यगमपसव्यगञ्चेति। अपसव्यगशब्दो हि दक्षिणवाचकः। देवादीनां दिनप्र- ाणमाह।

भा०ः—मेरुनिवासी (देवगण) ज्योतिश्चक्र के उत्तर गोलार्द्ध को देखते और दक्षिण मेरुनिवासी (प्रेत) असुरगण दक्षिण गोलार्द्ध को देखते हैं। र्यात् मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, इन छः राशि पर्य्यन्त भगोलार्द्ध को वगण देखते, उस समय दक्षिण मेरुनिवासी (असुर) तुला, वृश्चिक, धनु, कर, कुम्भ, मीन, राशि पर्य्यन्त दक्षिण गोलार्द्ध को देखते हैं॥ १६॥

रविवर्षार्धं देवाः पश्यन्त्युदितं रविं तथा प्रेताः।
शशिमासार्धं पितरश्शशिगाः कुदिनार्धमिह मनुजाः॥१७

रविवर्षार्धं मेषमासादिकन्यामासान्तं देवास्सदोदितं रविं पश्यन्ति मेषा- दिकन्यान्तराशीनां मेरुक्षितिजादूर्ध्वंगतत्वात् क्षितिजवच्चक्रभ्रमणाच्च। अतो ेषादिमासषट्के देवानां दिनं भवति। तुलामासादि मीनमासान्तं देवा रविं दाचिदपि न पश्यन्ति तुलादिराशिषट्कस्य मेरुक्षितिजादधोगतत्वात् क्षिति- ानुसारेण चक्रभ्रमणाच्च। अतस्तुलादिमासषट्कं देवानां रात्रिर्भवति। तथा ेताः। नरकवासिनश्च तथा रविवर्षार्धं रविं पश्यन्ति। किन्तु तुलामासादि ीनमासान्तं रविं पश्यन्ति। अतस्तदा तेषां दिनं भवति। मेषमासादि मीन- ासान्तं रविं कदाचिन्न पश्यन्ति॥ अतस्तदा तेषां रात्रिर्भवति। मेरुवडवा ुखयोरूर्ध्वाधोदिशौ व्यत्ययाद्भवतः। अतस्तयोर्दिनरात्री च व्यत्ययेन भवतः॥ षादिमासषट्कं देवानां दिनमिति यो व्यवहारस्स तु तत्र वैदिककर्मणां विहितत्वात् कृतः कर्क्यादिमासषट्के अविहितत्वात्तेषां रात्रिरिति च व्यवहारः कृतः। अत्र वराहमिहिरः।

"मेषवृषमिथुनसंस्थे दिनमर्के कर्कटादिके रात्रिः।
मेरुस्थितदेवानामिति वैकर्त्तनसंज्ञः॥"

इति ॥ शशिगाश्शशिनमण्डलोर्ध्वभागगता पितरश्शशिमासस्य चान्द्रमासस्यार्धं रविं पश्यन्ति । शशिमासस्यापरार्धं न पश्यन्ति । अतः पितृणां चान्द्रमासार्धं दिनं भवति । तदर्धं रात्रिश्च । अमावास्यायां हि चन्द्रमण्डलादूर्ध्वगतोऽर्को भवति । अतस्तदानीं पितृणां दिनार्धं भवति । पौर्णमास्यां चन्द्रमण्डलादधोगतोऽर्कः । अतस्तदा पितृणां रात्र्यर्धं भवति । अष्टम्यर्धयोरुदयास्तमयौ च । कुदिनार्धमिह मनुजाः । मानुजास्सावनदिनस्यार्धं रविं पश्यन्ति । अपरमर्धं न पश्यन्ति । गोलकल्पनानार्याद्वयेनाह ।

भा०:—मेष, वृष, मिथुन, कर्कट, सिंह, कन्या, इन छः मास पर्य्यन्त देवगण सदा सूर्य्य को उदित देखते हैं, इस कारण देवताओं का छः मास का एक दिन होता है । और तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ, मीन, इन छः मास पर्य्यन्त देवगण सूर्य को नहीं देखते अतएव इन छः मास की उनकी एक रात्रि होती है । और प्रेत या असुरगण तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ, मीन, इन छः मास पर्य्यन्त सूर्य को सदैव उदित देखते इस लिये असुरों को छः मास का एक दिन होता है । एवं मेष, वृष, मिथुन, कर्कट, सिंह, कन्या, इन छः मास पर्य्यन्त असुरगण सूर्य को नहीं देखते इस कारण इतने समय इनकी छः मास की एक रात्रि होती है । और पितृगण (चन्द्रलोकनिवासी) चान्द्र मास के आधे भाग पर्य्यन्त सूर्य्य को देखते हैं अतएव इनका हमारे १५ दिन का एक दिन होता एवं इतने ही (१५) की उनकी एक रात्रि होती है। क्यों कि अमावास्या को चन्द्रमण्डल के उपरले भाग में सूर्य दीख पड़ता इस कारण पितृगण को उस समय मध्यान्ह होता है और पौर्णमासी को चन्द्रमण्डल से नीचे सूर्य्य रहता अतएव उस समय पितृगण की आधीरात होती है । और कृष्णपक्ष के अष्टमी को पितृ लोगों का सूर्य्योदय और शुक्लपक्ष की अष्टमी को सूर्यास्त होता है । मनुष्यों को सावन दिन के आधा भाग पर्य्यन्त सूर्य्य दीखता एवं अपरार्द्ध नहीं दीखता ॥ १७ ॥

पूर्वापरमधऊर्ध्वं मण्डलमथ दक्षिणोत्तरञ्चैव ।
क्षितिजं समपार्श्वस्थं भानां यत्रोदयास्तमयौ ॥ १८ ॥

वंशशलाकादिना निर्मितमेकं मण्डलं वृत्तं पूर्वापरमधऊर्ध्वं निदध्यात् । तत् सममण्डलं नाम भवति । तत्प्रमाणमेवापरं मण्डलं दक्षिणोत्तरमधऊर्ध्वं निदध्यात् । तद्दक्षिणोत्तरास्थं भवति । पुनरन्यन्मण्डलं तत्प्रमाणं समपार्श्वस्थं

वृत्त रचना करे। यह स्वदेशीय अक्षांश परिमित उत्तर और दक्षिण ध्रु
दूर अवस्थित होगा और इस वृत्त का नाम 'उन्मण्डल' होगा। इसी
मण्डल में सूर्य जब दीख पड़ता है उस समय दिन और रात्रि का ह्रास
वृद्धि होती है ॥ १९ ॥

पूर्वापरदिग्रेखाधश्चोर्ध्वा दक्षिणोत्तरस्था च।
एतासां संपातो द्रष्टा यस्मिन् भवेद्देशे ॥२०॥

पूर्वापरदिग्गता या रेखा या चाधऊर्ध्वदिग्गता दक्षिणोत्तरदिग्गता च
तासां संयोगो द्रष्टृस्थाने भवति॥ दृङ्मण्डलं दृक्क्षेपमण्डलञ्चाह।

भा०:-पूर्वापर दिग्गत रेखा जो नीचे ऊपर को गई है, दक्षिणोत्तर
दिग्गत है, उस का संयोग स्थान द्रष्टा का स्थान होता है ॥ २० ॥

ऊर्ध्वमधस्ताद्द्रष्टुर्ज्ञेयं दृङ्मण्डलं ग्रहाभिमुखम्।
दृक्क्षेपमण्डलमपि प्राग्लग्नं स्यात्त्रिराश्यूनम् ॥२१॥

ऊर्ध्वाधोगतं द्रष्टृमध्यमिष्टग्रहाभिमुखं दृङ्मण्डलं भवति। पूर्वोक्तमण्डलानि
भूमध्यमध्यानि। इदन्तु भूपृष्ठस्थितद्रष्टृमध्यं भवति। त्रिराश्यूनं प्राग्लग्नं दृ
क्क्षेपमण्डलं भवति। इत्यर्थः। दृङ्मण्डलदृक्क्षेपमण्डलयोर्लम्बनविधावुपयोग
गोलं यन्त्रेण भ्रामयन्ति केचित्। तत्रोपायं प्रदर्शयति।

भा०:-ऊपर नीचे को गया हुआ द्रष्टा का मध्य इष्टग्रहाभिमुख दृङ्मण्डल
होगा। पूर्वोक्त मण्डल सब भूमध्य मध्य है। यह तो भू पृष्ठस्थित द्रष्टा मध्य
हुआ। अर्थात् तीन राशि ऊन प्राग् लग्न दृक्क्षेप मण्डल होता है ॥२१॥

काष्ठमयं समवृत्तं समन्ततस्समगुरुं लघुं गोलम्।
पारततैलजलैस्तं भ्रमयेत्स्वधिया च कालसमम् ॥२२॥

काष्ठमयं वंशादिकाष्ठे निर्मितं न समवृत्तं सर्वतोवृत्तं समन्ततस्समगुरुं स-
र्वावयवेषु समं गुरुत्वं यथा भवति तथा कृतम्। लघुमगुरुम्। एवंभूतं गोलं कृत्वा
पारतादिभिस्तं स्वधिया च कालसमं भ्रमयेत्। अयमर्थः। भूमिष्ठदक्षिणोत्तरस्त
म्भयोरुपरि गोलप्रोतायश्शलाकाया अग्रे स्थापयेत्। गोलदक्षिणोत्तरच्छिद्रे च
तैलेन सिञ्चेत् यथा निस्सङ्गो गोलो भ्रमति। गोलस्यापरतो गोलपरिधिसंमि-
तदैर्घ्यं साधश्छिद्रं जलपूर्णं नलकं निदध्यात् ततो गोलस्यापरस्वस्तिके कीलकं
निधाय तस्मिन्सूत्रस्यैकमग्रं बद्ध्वाधो विषुवन्मण्डलपृष्ठेन प्राङ्मुखं नीत्वा

अपयांकृष्य प्रत्यङ्मुखं तेनैव नीत्या तदग्रबद्धं पारतपूर्णमलाबु जलपूर्णे न-
निदध्यात् ततो नलकस्याधश्छिद्रं विवृतं कुर्यात् तेन जलं निस्स्रवति। न-
स्थजलमधो गच्छति। तद्वशाच्च तत्रस्थमलाबु पारतपूर्त्या गुरुत्वाज्जलेन स-
ो गच्छद् गोलं प्रत्यङ्मुखमाकर्षति। एवं त्रिंशद्घटिकाभिरर्धसम्मितं यथा
भवति गोलस्य चार्धं भ्रमति तथा स्वबुद्ध्या जलनिस्स्रावो योज्यः। इति।
ोऽयं घटिकायन्त्रात् कालपरिच्छेदसाधनमेव नतु (ज्योतिश्चक्रभ्रमणसाधनम्)
तिश्चक्रे हि समोदितौ गुरुचन्द्रौ प्रतिमुहूर्तं स्थानान्तरितौ दृश्येते। अस्मिन्न
दृश्येते। अतो घटिकायन्त्रसमोऽयं गोलः। नतु ज्योतिश्चक्रसमः। क्रान्ति
ाकाग्राशङ्कुशङ्क्वग्रसमशङ्क्वादीनामुपपत्तिज्ञानं हि गोलप्रयोजनम्॥ अथ
तिश्चक्रस्यैव्योर्भिः क्षेत्रविशेषान् प्रदर्शयिष्यन् क्षेत्रकल्पनाप्रकारमहावल-
ी चाह।

भा०:-वंश आदि काष्ठ का बना हुआ सब ओर से बराबर एवं सम गुरु
ारी) वृत्त (हलका और बहुत भारी नहीं) इस प्रकार काष्ठगोल बनाकर
से या अपनी बुद्धि से विचार कर किसी अन्य उपयुक्त वस्तु से काल के
ाबर भ्रमण करावे। इस का अभिप्राय यह है कि-भूपृष्ठ के दक्षिण उत्तर
भ के ऊपर गोल प्रोत लोहे के शलाके के आगे में स्थिर करे। गोल के द-
णोत्तर छिद्र में तेल से इस प्रकार सींचे जिस से निरवद्य होकर भ्रमण करे।
ल के दूसरी ओर से परिधि सम्मित दीर्घ छिद्र के साथ जल से भरा नलक
ल) रक्खे, तदनन्तर गोल के ऊपर स्वस्तिक पर कीलक गाड़े,-एवं उस
के एक अग्रभाग को बांध कर, विषुवन्मण्डल पृष्ठ द्वारा प्राङ्मुख लाकर
र को खींच कर उसी से प्रत्यङ्मुख लाकर उस को अग्रभाग को बांधकर,
े से भरी तुम्बी जल भरे हुए नलक में रक्खे, तब नलक के नीचे के छिद्र
फैलावे-उस से जल गिरता है। और नलक में जल नीचे आता है, इस
रण यहां की तुम्बी पारे से भरे होने से भारीपन से जल के साथ नीचे
ाती हुई गोल को पूर्व की ओर खींचती है। एवं ३० घटिका में आधे भाग
जितने जल में से गिरे उतना जल गिरने योग्य अपनी बुद्धि से रक्खे ॥२२॥

दृग्गोलार्धकपाले ज्यार्धेन विकल्पयेद्भगोलार्धम्।
विषुवज्जीवाद्भुजा तस्यास्त्ववलम्बकः कोटिः॥२३॥

दृग्गोलार्धकपाले दृश्ये गोलार्धभागे ज्यार्धेन सम सोत्तपादविवर्जन ज्या-
ख्यादिभुजात्मनावलम्बकादिकोटयात्मना च विर्तन भगोलार्धं वि...

[illegible] हृत्वा। तत्र लब्ध-
त्वाल्लङ्कोदयप्राग्ज्या भवति। लङ्कायां तद्भुजाभागगतराश्युदयकालजाता प्राग्ज्या
भागपरमपडलज्या। घटिकामण्डलज्येत्यर्थः। सा चापितोदयास्तमितिर्भवति।
एवं भुजाभागस्योदयप्रमाणानयनम्। प्रतिराशिमानन्तु। इष्टराशेस्तदादन्त्यभुजा-
भ्यां पृथक्प्राग्मानद्वयमानीय तयोरन्तरं कुर्यात्। तदिष्टराशेर्लङ्कोदयमानं
भवति। मेषादितस्तुलादितश्च क्रमेण भुजायाः प्रवृत्तिः। अतस्तत्र राश्युदयाश्च
क्रमेण भवन्ति। कन्यान्तान्मीनान्तश्चोत्क्रमेण भुजायाः प्रवृत्तिः। अतस्तत्र राश्युदया-
श्चोत्क्रमेण भवन्ति। अत्रैवं त्रैराशिकम्। यदि त्रिज्यया परमापक्रमस्वाहोरात्रार्ध-
तुल्या कोटिर्लभ्यते तदेष्टज्यया कियतीतीष्टस्वाहोरात्रार्धगतेष्टकोटिलब्धिः। य-
द्येष्टस्वाहोरात्रार्धे इयती कोटिस्तदा व्यासार्धे कियतीति घटिकामण्डलगतरा-
श्युदयज्यालब्धिः। अत्र प्रथमत्रैराशिके व्यासार्धं भागहारः। द्वितीये गुणकारः
तयोर्गुणकारहारयोस्तुल्यत्वात्तदुभयं विना कर्म क्रियते। दिननिशोः क्षयवृद्ध्या-
नयनमाह।

भा०:—परमापक्रम साधित स्वाहोरात्रार्द्ध को इष्ट भुजज्या से गुणन कर,
उस भुजज्या से साधित इष्ट स्वाहोरात्रार्द्ध द्वारा भाग देवे भाग फल मेष
राशि से लङ्कोदय प्राग्ज्या होता है ॥ २५ ॥

इष्टापक्रमगुणितामक्षज्यां लम्बकेन हृत्वा या।
स्वाहोरात्रे क्षितिजा क्षयवृद्धिज्या दिननिशोस्सा॥२६॥

इष्टापक्रमज्ययाक्षज्या निहत्य लम्बके हृत्वा यल्लभ्यते सा स्वाहोरात्रे स्वा-
होरात्रमण्डलनिष्पन्ना दिननिशोः क्षयवृद्धिज्या क्षितिज्या क्षितिजमण्डलादुत्प-
न्ना। क्षितिज्येत्यर्थः। अत्रैवं त्रैराशिकम्। यद्यक्षलम्बककोट्याक्षज्या भुजा तदा-
पक्रमकोट्या का भुजेति ज्यालब्धिः। सा स्वाहोरात्रनिष्पन्ना। अतस्तां त्रिज्यया
निहत्य स्वाहोरात्रेण विभजेत्। तत्र लब्धा चरदलज्या भवति। अत्रैवं त्रैराशि-
कम्। यदा स्वाहोरात्रे इयती ज्या तदा व्यासार्धमण्डले कियतीति व्यासार्धमण्डल-
ज्यालब्धिः। चरज्याचापिताश्चरदलासवो भवन्ति। स्वदेशराश्युदयमाह।

भा०:—इष्टापक्रमज्या से अक्षज्या को गुणनकर लम्बक से भाग दे, भाग
फल को स्वाहोरात्रार्द्ध में स्वाहोरात्रमण्डल निष्पन्न दिन रात के क्षय वृद्धि
ज्याक्षितिज्या, क्षितिज मण्डल से उत्पन्न क्षितिज होता है ॥ २६ ॥

उदयति हि चक्रपादश्चरदलहीनेन दिवसपादेन।
प्रथमो [illegible]

प्रथमश्चक्रपादो मेषवृषमिथुनाख्यश्चरदलहीनेन दिवसपादेन। चरद
भिः पञ्चदशघटीभिः । उदयति । अन्त्यश्च मीनघटमृगाख्यस्तथा चरदलहं
पञ्चदशघटिकाभिरुदयति। अतो मृगादिमिथुनान्तानां षण्णां लङ्कोदयाः
श्चरदलासुभिर्हीनाः स्वदेशोदया भवन्ति । अथान्त्यौ तत्सहितेन । कर्का
न्याख्यस्तुलालिचापाख्यश्च चक्रपादौ चरदलसहितेन दिवसपादेनोदयतः
कर्कादिचापान्तानां षण्णां राशीनां लङ्कोदयास्तत्तच्चरदलयुताः स्वदेशोदय
न्ति । क्रमोत्क्रमतः । प्रथमपादे प्रथमराशेर्मेषस्य लङ्कोदये प्रथमराशिभवं
लं शोध्यम्। वृषस्य द्वितीयस्य लङ्कोदये द्वितीयराशिभवं चरदलं शोध्यम्
तीयस्य मिथुनस्य लङ्कोदये तृतीयराशिभवं चरदलं शोध्यम्। द्वितीयपादे
मेण देयम् । कर्कटस्य तृतीयराशिचरदलं देयम्। सिंहस्य द्वितीयराशिचरद
यम्। कन्यायाः प्रथमराशिचरदलं देयम् । तृतीयपादे क्रमेण देयम् । चतुर्थे
उत्क्रमेण शोध्यम् । इत्युक्तं भवति । गोलस्योत्तरोन्नतत्वान्मीनादयश्शीघ्र
न्ति । अतस्तेषु चरदलं शोध्यम् । तस्मादेव कर्कटादयश्शनैरुद्यन्ति । अत
चरदलं देयम् ॥ इष्टकाले शङ्क्वानयनमाह ।

भा०—प्रथम चक्र पाद अर्थात् मेष, वृष, मिथुन नामक है। चर
हीन द्वारा दिवसपाद से अर्थात् १५ घटिका करके उदय होता है। अ
अन्त्य अर्थात् मीन, कुम्भ, मकर, नामक पाद है, सो १५ घटिका करके उ
होता है , इसलिये मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन, इन छः राशियों
उदयास्त १५ प्राण हीघटा करके स्वदेशोदय होता है ॥ और कर्क, सिंह, कन्
तुला, वृश्चिक, धनु, क्रम से प्रथम तीन राशि द्वितीय पाद और दूसरा ती
राशि तृतीय पाद है। १५ घटिका जोड़ने से उदय होता है। अतएव कर्का
धनु पर्य्यन्त छः राशियों का लङ्कोदय उस उस १५ प्राण के जोड़ने से स्वदेशो
होता है। प्रथम पाद में प्रथम राशि मेष राशि के लङ्कोदय में प्रथम राशि
उत्पन्न चरदल घटावे। वृष राशि अर्थात् द्वितीय राशि के लङ्कोदय में द्वित
राशि भव चरदल घटावे। तृतीय मिथुन राशि के लङ्कोदय में तृतीय रा
भव चरदल घटावे। और द्वितीय पाद में कर्कट राशि का तृतीय चरद
जोड़े। सिंह राशि के तृतीय राशि के चरदल जोड़े। चतुर्थ पाद में उत्क्र
करके घटावे। गोल के उत्तर उन्नत होने से मीन आदि राशि शीघ्र उद
होती हैं, अतएव उन में चरदल घटाया जाता है। और कर्कट आदि रा
धीरे २ उदय होती हैं इस लिये उन में चरदल जोड़ा जाता है ॥२४॥

भा०:—दृग् हेतुभूत अपनी छाया या दृग्ज्या या दृक् क्षेपज्या है। यह क्षितिज में आकाश मध्य से क्षितिज के अन्त तक होती है। अर्थात् र्द्ध तुल्य होती है, तत्र भूमि वशतः निष्पन्न (उत्पन्न) दृग्भेद व्यासार्द्ध है। अर्थात् भूव्यासार्द्ध तुल्य दृग्भेद योजन होता है। बीज में त्रैराशिक स्थापना करे। अतएव दृग्गतिज्या को भूव्यासार्द्ध द्वारा गुणन कर त्रिज्या से देवे भागफल दृग्भेद योजन होता है। ग्रहण में वह लम्बन होता है। पज्या को भूव्यासार्द्ध से गुणन कर त्रिज्या से भाग देवे भागफल ग्रहण में योजन होता है। दृग्ज्या से इस प्रकार लब्ध दृङ्मण्डल गत कर्णरूप ल-योजन होता है। इस के द्वारा ग्रहण में व्यवहार नहीं किया जाता ॥३४॥

विक्षेपगुणाक्षज्या लम्बकभक्ता भवेदृणमुदक्स्थे।
उदये धनमस्तमये दक्षिणगे धनमृणं चन्द्रे ॥ ३५ ॥

विक्षेपगुणिताक्षज्या लम्बकभाजिता लिप्तात्मकं दृक्फलं भवति। उदक्स्थे। पण्डलादुदक्स्थे चन्द्रे। उदये ऋणम्। उत्तरविक्षेप उदयविषये तद्दृक्फलं ऋणं कार्यमित्यर्थः। अस्तमयविषये तत्फलं चन्द्रे धनं कुर्यात्। दक्षिणगे णं चन्द्रे। दक्षिणविक्षेप उदयविषये तत्फलं चन्द्रे धनं कार्यम्। तत्काल-एतत् क्रियते। एतदाक्षं दृक्कर्म॥ आयनं दृक्कर्माह।

भा०:—विक्षेप गुणित अक्षज्या लम्बक से भाग देने पर भागफल लिप्तात्मक ल होता है। अपमण्डल से उदक्स्थ चन्द्रमा में, उदय में ऋण करना च-उत्तर विक्षेप में उदय विषय में उस दृक्फल चन्द्रमा में ऋण करना चे। अस्तमय विषय में उस फल को चन्द्रमा में धन करे। दक्षिण वि-उदय विषय में उस फल को चन्द्रमा में धन करे। इस को आक्षदृक् कहते हैं ॥ ३५ ॥

क्रमगुणमुत्क्रमणं विस्तरार्धकृतिभक्तम्।
धनमुदगयने दक्षिणगे धनमृणं याम्ये ॥ ३६ ॥

विक्षेपापक्रमगुणम्। सायनचन्द्रस्योत्क्रमज्यं कोटिज्या उत्क्रमज्ये-परमापक्रमेण च निहत्य विस्तरार्धस्य व्यासार्धस्य कृत्या। तत्र लब्धं लिप्तात्मकदृक्फलं भवति॥ उदगयनधनमुदगयने दक्षिणये। उदग्विक्षेपे तत्फलं चन्द्रे ऋणं भवति। तत्र दक्षिणगे विक्षेपे तत्फलं भवति। उदग्दक्षिणगे च क्रमादृणम्। इति योज्यम्॥ धनहृणं याम्ये।

श च्छेद्यके ज्ञेया। तदन्यत्र प्रदर्शितम्। मध्यलग्नन्तु पूर्वाह्णे नतासुभ्यो रवि
तराशिभागादुत्क्रमेण लङ्कोदयासून्विशोध्य तावतो राशीन् रवौ विशोध्य
ध्यम्। अपराह्णे तु नतप्राणेभ्यो रविस्थितभागात् क्रमेण लङ्कोदयासून्विशो
तावतो राशीन् रवौ प्रक्षिप्य साध्यम्। दृग्गतिज्यालम्बनयोजनानयनमा

भा०:—मध्य लग्न का दक्षिण अपमधनु और अक्षधनु के योग
जीवा मध्यज्या है। मध्यलग्न के उत्तर अपमधनु और अक्षधनु के अन
जीवा मध्यज्या होती है। क्षितिज में जहां तत्काल लग्न उदय होता है
उस स्थान से और पूर्वापरस्वस्तिक के बीच की जीवा उदयज्या है। साय
लग्न की भुजज्या को अपक्रम क्रान्ति से गुणनकर, लम्बक से भागदेवे, भागफ
उदयज्या होता है। मध्यज्या और उदयज्या के वर्ग में व्यासार्द्ध से भाग दे
भागफल के वर्ग को मध्यज्या वर्ग से घटावे, अवशिष्ट का मूल निकाले व
स्वदृक् क्षेप होगा। जिस ग्रह का या सूर्य या चन्द्रमा का मध्यल
ग्रहण किया जावे उसकी दृक्क्षेपज्या होगी। दृक्क्षेप लग्न और आका
मध्य के बीच की जीवा दृक्क्षेपज्या होती है। सूर्य ग्रहण और चन्द्रग्रह
में मध्यज्या और दृक् क्षेपज्या भिन्न २ साधे॥ ३३॥

दृग्दृक्क्षेपकृतिविशेषितस्य मूलं स्वदृग्गतिः कुवशात्।
क्षितिजे स्वा दृक्छाया भूव्यासार्धं नभोमध्यात्॥ ३४॥

दृग्भेदहेतुभूता स्वच्छाया दृग्ज्या वा स्वदृग्गतिज्या वा दृक्क्षेपज्या वेत्यर्थः। सा
यदि क्षितिजे भवति नभोमध्यात् क्षितिजान्ता भवति। व्यासार्द्धतुल्या भव-
तीत्यर्थः। तदा कुवशाद्भूमिवशान्निष्पन्नो दृग्भेदो व्यासार्धं भवति। भूव्यासार्ध-
तुल्यं दृग्भेदयोजनमित्यर्थः। अन्तराले ऽनुपातात् कल्प्यम्। अतो दृग्गतिज्यां
भूव्यासार्धेन निहत्य त्रिज्यया विभज्य गतं दृग्भेदयोजनं भवति। ग्रहणे तन्नम्य
भवति। दृक्क्षेपज्यां भूव्यासार्धेन निहत्य त्रिज्यया विभज्य लब्धं ग्रहणे
नति योजनं भवति। दृग्ज्यात एवं लब्धं दृङ्मण्डलगतं कर्णरूपं लम्बनयोजनं
भवति। अनेन ग्रहणे न व्यवहारः। युक्तिविषयोऽस्त्वेतदपि वेद्यम्। लम्बनयोजनं
नतियोजनञ्च त्रिज्यया निहत्य स्वेन-स्वेन योजनव्यासेन विभजेत्। तत्र लब्धं
तस्य तस्य लम्बनलिप्ता नतिलिप्ताश्च भवन्ति। अर्केन्द्वोर्नतिलिप्तान्तरं सूर्यग्र-
हणे नतिर्भवति पर्वान्तकालाच्छोध्या। अपराह्णे देया। एवं संस्कृतं पर्वान्तं स्फुट-
शिमासान्तमित्युच्यते॥ चन्द्रादीनामुदयास्तलग्नसिद्धये स्वस्वविक्षेपेण दृक्कर्माह।

भा०:—दृग् हेतुभूत अपनी छाया या दृग्ज्या या दृक् क्षेपज्या है। वह यदि क्षितिज में आकाश मध्य से क्षितिज के अन्त तक होती है। अर्थात् व्यासार्द्ध तुल्य होती है, तब भूमि वशतः निष्पन्न (उत्पन्न) दृग्भेद व्यासार्द्ध होता है। अर्थात् भूव्यासार्द्ध तुल्य दृग्भेद योजन होता है। बीज में त्रैराशिक से कल्पना करे। अतएव दृग्गतिज्या को भूव्यासार्द्ध द्वारा गुणन कर त्रिज्या से भाग देवे भागफल दृग्भेद योजन होता है। ग्रहण में वह लम्बन होता है। दृक्क्षेपज्या को भूव्यासार्द्ध से गुणन कर त्रिज्या से भाग देवे भागफल ग्रहण में नतियोजन होता है। दृग्ज्या से इस प्रकार लब्ध दृङ्मण्डल गत कर्णरूप लम्बन योजन होता है। इस के द्वारा ग्रहण में व्यवहार नहीं किया जाता ॥३४॥

विक्षेपगुणाक्षज्या लम्बकभक्ता भवेदृणमुदक्स्थे।
उदये धनमस्तमये दक्षिणगे धनमृणं चन्द्रे ॥३५॥

विक्षेपगुणिताक्षज्या लम्बकभाजिता लिप्तात्मकं दृक्फलं भवति। उदक्स्थे। अपमण्डलादुदक्स्थे चन्द्रे। उदये ऋणम्। उत्तरविक्षेप उदयविषये तद्दृक्फलं चन्द्रे ऋणं कार्यमित्यर्थः। अस्तमयविषये तत्फलं चन्द्रे धनं कुर्यात्। दक्षिणगे धनमृणं चन्द्रे। दक्षिणविक्षेप उदयविषये तत्फलं चन्द्रे धनं कार्यम्। तत्कालचन्द्र एतत् क्रियते। एतदाद्यं दृक्कर्म ॥ आयनं दृक्कर्माह।

भा०:—विक्षेप गुणित अक्षज्या लम्बक से भाग देने पर भागफल लिप्तात्मक दृक्फल होता है। अपमण्डल से उदक्स्थ चन्द्रमा में, उदय में ऋण करना अर्थात् उत्तर विक्षेप में उदय विषय में उस दृक्फल चन्द्रमा में ऋण करना चाहिये। अस्तमय विषय में उस फल को चन्द्रमा में धन करे। दक्षिण विक्षेप उदय विषय में उस फल को चन्द्रमा में धन करे। इस को आद्यदृक् कर्म कहते हैं ॥ ३५ ॥

विक्षेपापक्रमगुणमुत्क्रमणं विस्तरार्धकृतिभक्तम्।
उदगृणधनमुदगयने दक्षिणगे धनमृणं याम्ये ॥३६॥

उत्क्रमणं विक्षेपापक्रमगुणम्। सायनचन्द्रस्योत्क्रमणं कोट्या उत्क्रमज्येत्यर्थः। तद्विक्षेपेण परमापक्रमेण च निहत्य विस्तरार्धस्य व्यासार्धस्य कृत्या विभजेत्। तत्र लब्धं लिप्तात्मकदृक्फलं भवति॥ उदगृणधनमुदगयने दक्षिणगे। उदगयन उदग्विक्षेपे तत्फलं चन्द्र ऋणं भवति। तत्र दक्षिणगे विक्षेपे तत्फलं चन्द्रे धनं भवति। उदग्दक्षिणगे च क्रमाद्धनम्। इति योज्यम् ॥ ५नष्टं दा...

दक्षिणायनगते चन्द्रे पूर्वक्रमादृनमृणञ्च भवति। उदग्विक्षेपे धनम्। दक्षिणविक्षेप ऋणमित्यर्थः। आचार्येण स्थूलरूपं दृक्फलद्वयमिह प्रदर्शितम्। नतु सूक्ष्मरूपमिति वेद्यम्। अस्मात् स्थूलरूपात् सूक्ष्मरूपं युक्त्या सिद्ध्यतीति भावः यस्य चन्द्रस्योदयास्तलग्नमपेक्षितं तत्र दृक्कर्मद्वयं कार्यं नतु ततोऽन्यत्र॥ चन्द्रार्कभूमिभूच्छायानामर्केन्दुग्रहणयोश्च स्वरूपमाह।

भा०:—विक्षेप क्रमगुण अर्थात् सायन चन्द्रमा के उत्क्रमण को कोटी द्वारा उत्क्रमज्या लावे। उसको विक्षेप और परमापक्रम द्वारा गुणनकर व्यासार्द्ध के कृति (वर्ग) से भाग देवे भागफल लिप्तात्मक दृक्फल होगा। उदगयन उदग् विक्षेप में उसका फल चन्द्रमा में ऋण होता है; उस दक्षिणग विक्षेप में वह फल चन्द्रमा में धन होता है। उत्तर दक्षिणग विक्षेप में क्रम से ऋण होता है। दक्षिणायन गत चन्द्रमा में पूर्व क्रम से धन और ऋण होगा। उत्तर विक्षेप में धन होता है और दक्षिण विक्षेप में ऋण होता है॥३६॥

चन्द्रो जलमर्कोऽग्निर्मृद्भूश्छायापि या तमस्तद्धि।
छादयति शशी सूर्यं शशिनं महती च भूच्छाया॥३७॥

चन्द्रो जलात्मकः। अर्कोऽग्निमयः। भूमिर्मृदात्मिका। तस्या भूमेर्या छाया भूच्छायाख्या सा हि तमः। सूर्यं ग्रहणकाले शशी छादयति नतु राहुः। शशिनं ग्रहणकाले महती भूच्छाया छादयति नतु राहुः॥ ग्रहणकालमाह।

भा०:—जल स्वरूप चन्द्रमा, अग्निस्वरूप सूर्य्य, मृत्तिकामय भूमि हैं भूमि की छाया का नाम अन्धकार है। सूर्य्य ग्रहण में चन्द्रमा सूर्य्य को आच्छादित (ढक) कर लेता है; राहु नहीं। और चन्द्रग्रहण में पृथिवी की छाया चन्द्रमा को ढक लेती है, राहु नहीं॥ ३७॥

स्फुटशशिमासान्तेऽर्कं पातासन्नो यदा प्रविशतीन्दुः।
भूच्छायां पक्षान्ते तदाधिकोनं ग्रहणमध्यम्॥३८॥

स्फुटशशिमासान्ते लम्बनसंस्कृतेऽमावास्यान्तकाले पातासन्नोऽल्पविक्षेपश्चन्द्रो यदार्कं प्रविशति तदाधिकोनं ग्रहणमध्यम्। अधिककालस्याल्पकालस्य चन्द्रग्रहणस्य मध्यं तदा भवतीत्यर्थः। पक्षान्ते पौर्णमास्यन्ते यदा चन्द्रो भूच्छायां प्रविशति तदा चन्द्रग्रहणस्य मध्यं भवति। केचित्तु स्फुटशशिमासान्तं केवलममावास्यान्तं तत्र ग्रहणमूर्ध्वगतं भवति कदाचिदूनमधोगतं भवति। इत्याहुः स्यात्तम्। भूछायादैर्घ्यमाह।

भा०:—लम्बन संस्कृत अमावास्या काल में अल्पविशेष चन्द्रमा जब सूर्य मण्डल में प्रवेश करता है, तब न्यूनतर ग्रहणमध्य होता है। अर्थात् अधिक काल एवं अल्पकाल का चन्द्रग्रहण मध्य होताहै। पौर्णमासी को जब चन्द्रमा भूच्छाया में प्रवेश करता है, तब चन्द्रग्रहण का मध्य होता है॥ ३८॥

भूरविविवरं विभजेद्भूगुणितन्तु रविभूविशेषेण।
भूच्छायादीर्घत्वं लब्धं भूगोलविष्कम्भात्॥ ३९॥

भूरविविवरमर्कस्य स्फुटयोजनतुल्यं तद्भूगुणितं भूव्यासयोजनगुणितं कृत्वा रविभूविशेषेण रविव्यासयोरन्तरेण योजनात्मकेन विभजेत्। तत्र लब्धं भूच्छायाया दैर्घ्यं योजनात्मकं भवति। भूगोलविष्कम्भात् भूव्यासार्धात्। भूगोलस्य मध्यात्प्रभृतीदं छायादैर्घ्यं भवतीत्यर्थः॥ भूच्छायायाश्चन्द्रकक्ष्याप्रदेशे व्यासयोजनानयनमाह।

भा०:—पृथिवी और सूर्य्य का स्फुट योजन तुल्य भूव्यास योजन गुणित सूर्य्यव्यास और भूव्यास के योजनात्मक अन्तर से भाग देव, भागफल भू छाया की चौड़ाई योजनात्मक होती है। पृथिवी के व्यासार्द्ध से अर्थात् भूगोल के मध्य प्रभृति से यह छाया दैर्घ्य होती है॥ ३९॥

छायाग्रचन्द्रविवरं भूविष्कम्भेण तत् समभ्यस्तम्।
भूच्छायया विभक्तं विद्यात्तमसस्स्वविष्कम्भम्॥ ४०॥

छायाग्रचन्द्रविवरं चन्द्रस्य स्फुटयोजनकर्णेन हीनं छायादैर्घ्यमित्यर्थः। तद्भूव्यासेन निहत्य भूच्छायादैर्घ्येण विभजेत्। तत्र लब्धं चन्द्रमार्गे तमसो भूच्छायायास्स्वविष्कम्भो योजनात्मकव्यासो भवति। तं व्यासं त्रिज्याकर्णेन विभजेत्। तत्र लब्धं लिप्तात्मकस्तमोव्यासो भवति। अर्केन्द्वोश्च स्वयोजनव्यासं त्रिज्याकर्णेन निहत्य स्वस्फुटयोजनकर्णेन विभज्य लब्धं लिप्तात्मकस्वव्यासो भवति॥ स्थित्यर्धानयनमाह।

भा०:—चन्द्रमा के स्फुट योजन से कर्ण घटाकर अर्थात् छाया के लम्बाई को भूव्यास से गुणन कर गुणनफल में भूछाया के लम्बाई से भाग देवे; भागफल चन्द्रमा के मार्ग में तम (अन्धकार) अर्थात् भूछाया का स्वकीय विष्कम्भ अर्थात् योजनात्मक व्यास होगा। उस व्यास को त्रिज्या कर्ण द्वारा भाग देवे, भागफल लिप्तात्मक तमोव्यास होगा। सूर्य्य और चन्द्रमा के अपने २ योजन व्यास को

त्रिज्याकर्ण से गुणन कर गुणनफल में अपने २ स्फुट योजन कर्ण द्वारा देने से भागफल लिप्तात्मक अपना २ व्यास होगा ॥ ४० ॥

सम्पर्कार्धस्य कृतेश्शशिविक्षेपस्य वर्गितं शोध्यम्।
स्थित्यर्धमस्य मूलं ज्ञेयं चन्द्रार्कदिनभोगात्॥४१॥

संपर्कार्धस्य कृतेः। सूर्यग्रहणे सूर्येन्द्वोर्बिम्बयोगार्धस्य वर्गाच्छशिनो विक्षेपस्य वर्गितं शोध्यम्। विशोधयेदित्यर्थः। चन्द्रग्रहणे चन्द्रतमसोर्बिम्बयोगार्धस्य वर्गात् केवलस्य चन्द्रविक्षेपस्य वर्गं विशोधयेत्। तत्र यच्छिष्टं तस्य मूलं स्थित्यर्धं भवति। स्थित्यर्धसाधनमित्यर्थः। तत् कथमित्यत्राह। चन्द्रार्कदिनभोगादिति। तस्मान्मूलात् षष्टिघ्नादर्केन्द्वोर्गत्यन्तरेण स्थित्यर्धनाडिका भवन्तीत्यर्थः। चन्द्रग्रहणे तास्स्फुटा भवन्ति। सूर्यग्रहणे तु स्थित्यर्धकालसम्भूतेन लम्बनकालेन युतास्स्फुटा भवन्ति। मध्यकाललम्बनस्पर्शकाललम्बनयोरन्तरेण युतास्स्पर्शस्थित्यर्धनाडिकास्स्फुटा भवन्ति। तथा मोक्षकाललम्बनमध्यकाललम्बनयोरन्तरेण युता मोक्षस्थित्यर्धनाडिकाश्च स्फुटा भवन्तीत्यर्थः॥ विमर्दार्धकालानयनमाह।

भा०ः—सूर्यग्रहण में सूर्य और चन्द्रमा के बिम्ब के योगार्द्ध के वर्ग में चन्द्रमा के विक्षेपवर्ग को घटावे। चन्द्रग्रहण में चन्द्रमा के तम बिम्ब के योगार्द्ध के वर्ग से केवल चन्द्र विक्षेपवर्ग को घटावे। उस से जो शेष बचे उसका मूल निकालने से स्थित्यर्द्ध होगा। उक्त मूल को ६० से गुणनकर—गुणनफल को सूर्य और चन्द्रमा की गति से अन्तर करने पर स्थित्यर्द्ध नाडिका होगी। चन्द्रग्रहण में वे ही स्फुट होंगी। सूर्यग्रहण में तो स्थित्यर्द्ध काल सम्भूत से लम्बन काल को जोड़ने पर स्फुट होंगी। मध्यकाल लम्बन और स्पर्श काल लम्बन से घटाकर जोड़ें तो स्पर्श स्थित्यर्द्ध नाडिका स्फुट होंगी। और मोक्ष काल लम्बन और मध्यकाल लम्बन से घटाकर जोड़ने से मोक्षस्थित्यर्द्ध नाडिका स्फुट होंगी ॥ ४१ ॥

चन्द्रव्यासार्धोनस्य वर्गितं यत्तमोमयार्धस्य।
विक्षेपकृतिविहीनं तस्मान्मूलं विमर्दार्धम्॥४२॥

चन्द्रबिम्बार्धहीनं तमोबिम्बार्धं यत्तस्य वर्गाद्विक्षेपवर्गं विशोध्य यच्छिष्टं तत् विमर्दार्धं विमर्दसाधनं भवति। तस्मात् षष्टिघ्नादर्केन्द्वोर्गत्यन्तरेण ...र्धकालो नाडिकात्मको भवतीत्यर्थः॥ ग्रस्तशेषमानयनमाह।

भा०:—चन्द्रबिम्बार्द्ध हीन तमोबिम्बार्द्ध को जो उसके वर्ग से विक्षेप वर्ग को घटाकर बचे, उस का मूल विमर्दार्द्ध होता है, उसी को विमर्द साधन कहते हैं। उस को ६० से गुणनकर सूर्य और चन्द्रमा की गति से घटानेपर शेष-फल विमर्दार्द्ध नाडिका होंगी ॥ ४२ ॥

तमसो विष्कम्भार्धं शशिविष्कम्भार्धवर्जितमपोह्य।
विक्षेपाद्यच्छेषं न गृह्यते तच्छशाङ्कस्य॥४३॥

चन्द्रबिम्बार्धं तमोबिम्बार्धाद्विशोध्य शिष्टं विक्षेपाद्विशोधयेत्। तत्र य-च्छेषं तत्तुल्यश्चन्द्रस्य भागस्तमसा न गृह्यते। शेषलिप्तासमानलिप्ता न गृह्यन्ते। ...॥ तात्कालिकग्रासपरिज्ञानमाह।

भा०:—चन्द्रबिम्बार्द्ध को तमोबिम्बार्द्ध से घटाकर शेषफल को विक्षेप से घटावे जो बचे उसके तुल्य चन्द्रमा का भाग अन्धकार से ग्रसित नहीं होता॥४३

विक्षेपवर्गसहितात् स्थित्यर्धादिष्टवर्जितान्मूलम्।
सम्पर्कार्धाच्छोध्यं शेषस्तात्कालिको ग्रासः॥४४॥

(विक्षेपकृतियुतादिष्टकालकोट्यूनस्थित्यर्धकोटेर्वर्गाद्यन्मूलं तत् सम्पर्कार्धं कृ-... विशोध्यम्। तत्र यच्छेषं तत् तात्कालिकग्रासप्रमाणं भवति॥ स्पर्शमोक्षादि-... ज्ञानमाह। *

भा०:—विक्षेप वर्ग जोड़ा हुआ, इष्टकाल कोटी से घटाकर स्थित्यर्द्ध कोटी के वर्ग से मूल कर उसे सम्पर्कार्द्ध वर्ग से घटावे—शेषफल तात्कालिक ग्रास होगा।४४

मध्याह्नात् क्रमगुणितो ऽक्षो दक्षिणतो ऽर्धविस्तरहृतो दिक्।
स्थित्यर्धाच्चार्केन्द्वोस्त्रिराशिसहितायनात् स्पर्शे॥४५॥

(मध्याह्नात् क्रमगुणितोऽक्षोऽर्धविस्तरहृतः। नतज्यया गुणिताक्षज्या त्रि-ज्यया भक्ता। तद्यापप्रमाणा दिग्भवति।) आक्षवलनं भवति। दक्षिणतो दि-... मध्याह्नात् (पूर्वभागे) दक्षिणं वलनं भवति। [दक्षिणतो दिक्] प्राङ्कपाले ... स्पर्शे दक्षिणवलनं भवतीत्यर्थः। पश्चात्कपाले उत्तरवलनम्। (मध्याह्ने) न भवति। चन्द्रस्य सर्वविपरीतं सर्वत्र भवति। एतदाक्षवलनं स्थित्यर्धात्। ...त्यर्धान्तरेण तन्मूलभूतो विक्षेप उच्यते सूर्यस्य स्फुटवलितं वलनं भवति। ... नतिर्यद्दिग्भवति स्पर्शे मोक्षे च। चन्द्रग्रहणे चन्द्रविक्षेपो वलनं भवति।

* पुस्तकद्वयेऽपि व्याख्यानं खण्डितम्। ...
...तम्। ...स्थित्यर्धेष्टकालप्रमाणतोऽनकाल। ...
...स्थित्यर्धेष्टकालादिष्टकाल० इति पुस्तकद्वये ...

तस्य विक्षेपव्यत्ययात् स्पर्शे मोक्षे च दिग्भवति। अर्केन्द्वोस्त्रिराशिसहिताय
अयनशब्देनापक्रम उच्यते । त्रिराशिसहितादर्काच्चन्द्राच्च निष्पन्नोऽपक्र
तयोरर्केन्द्वोर्वलनं भवति । स्पर्शो। इति ग्रहणे । इत्येवार्थतः। एतदायनंव
अस्य दिक्षु बिम्बस्य मुखेऽयनवद्भवति। चन्द्रस्य स्पर्शेऽयनवत् मोक्षेऽय
यात् । चन्द्राद्व्यत्ययेन सूर्यायनवलनं दिग्भवति । अक्षवलनायनचापयं
दिशोर्योगं कृत्वा भिन्नदिशोरन्तरं कृत्वा जीवामादाय सरूपकार्धेन निहत
ज्यया विभज्य लब्धे विक्षेपं संस्कुर्यात् । तत् स्फुटवलनं भवति । गृहीत
स्यान्वर्णानाह ।

भा०:—(मध्यान्ह से क्रम गुणित अक्षार्द्ध विस्तरहृत । नतज्या
गुणित अक्षज्या से त्रिज्या द्वारा भागदेकर भागफल चाप परिमाण
होगी) दक्षिण से मध्यान्ह में (पूर्वकाल में) दक्षिण वलन होता है ।
पूर्व कपाल में सूर्य के स्पर्श में दक्षिण वलन होता है । पश्चिम कपाल में
वलन होता है। चन्द्रग्रहण और सूर्यग्रहण में सर्वत्र उलटा होत
स्थित्यर्द्ध शब्द से उस का मूलभूत विक्षेप कहा जाता और सु
स्फुट नति वलन होता है। और स्पर्श और मोक्ष में उसके
तुल्य होता है । चन्द्रग्रहण में चन्द्रविक्षेप वलन होता है ।
के विक्षेप के व्यतिक्रम (उलटा) से स्पर्श और मोक्ष में
होती है । अयन शब्द से अपक्रम कहा जाता है। तीन राशि सहित
और चन्द्रमा से निष्पन्न अपक्रम भी सूर्य और चन्द्रमा का वलन होता
ग्रहण में यह आयनवलन होता है । इस की दिशा तो बिम्ब के मुख मे
यन के तुल्य होगी । चन्द्र ग्रहण के स्पर्श में अयन तुल्य होगा । मोक्ष मे
यन के विपर्य्यय से चन्द्रमा से व्यतिक्रम द्वारा सूर्य आयन वलन होता
आक्ष वलन के दोनों चाप के तुल्य दिशा का योग कर और यदि भिन्न
अन्तर कर चाप लेकर सरूपकार्द्ध से गुणन कर त्रिज्या से भाग देवे, भाग
में विक्षेप संस्कार करे तो वह स्फुट वलन होगा ॥ ४५ ॥

प्रग्रहणान्ते धूम्रः खण्डग्रहणे शशी भवति कृष्णः।
सर्वग्रासे कपिलस्स कृष्णताम्रस्तमोमध्ये॥ ४६ ॥

प्रग्रहणे प्रारम्भे । अन्ते मोक्षे समाप्तौ च । चन्द्रो धूम्रो भवति । ख
हणेऽर्धबिम्बे गृहीतप्राये कृष्णवर्णः । सर्वग्रासे विमर्दे जाते सति कपिलः ।
ग्रहणेऽपि तमोमध्यं प्रविशति सति कृष्णताम्र (वर्णरागी भवति) । च
यदर्कस्यापि वर्णं इति प्रकाशिकायामुक्तम् ॥ सूर्यग्रहणेन्दुस्यभागमाह ।

द्वारा " अपन " होता है। पूर्वापर शङ्कुछाया में एवं दक्षिणोत्तर शङ्कु द्वारा तात्कालिक सूर्य्य सिद्ध होता है। एवं बहुत प्रकार से परीक्षा कि हुआ स्फुट सूर्य्य होता है ॥ ४८ ॥

सदसज्ज्ञानसमुद्रात् समुद्धृतं देवताप्रसादेन।
सज्ज्ञानोत्तमरत्नं मया निमग्नंस्वमतिनावा ॥ ४९ ॥

सदसज्ज्ञानरत्नवतो ज्योतिश्शास्त्राख्यसमुद्रात् स्वमतिनाया स्वमत्यार नावमारूढेन मया तन्मध्यं प्रविश्य तत्र निमग्नं सज्ज्ञानाख्यमुत्तमरत्नं देव यास्स्वयंभुवः प्रसादेन सम्यगुद्धृतम्। स्वयंभुवोद्दिष्टार्थप्रकाशनमेव मया प्र मित्यर्थः। संक्षिप्तत्वञ्चात्र सिध्यति ॥ अथोपसंहरति।

भा०:–ज्योतिष् शास्त्र रूपी समुद्र में अपनी बुद्धिरूपी नौका पर सवा होकर समुद्र में निमग्न हो ब्रह्मा की कृपा से सद्ज्ञानरूप रत्न को मैं ने (आ र्य्यभट) बाहर किया अर्थात् प्रकाशित किया ॥ ४९ ॥

आर्य्यभटीयं नाम्ना पूर्वं स्वायम्भुवं सदा सद्यत्।
सुकृतायुषोः प्रणाशं कुरुते प्रतिकञ्चुकं यो ऽस्य* ॥ ५० ॥

पूर्वमादिकाले यज्ज्योतिश्शास्त्रं वेदात्समुद्धृत्य ग्रन्थेन लोके प्रकाशित मासीत् सदा सर्वदा सद्भूतं तदेव मया नाम्नार्यभटीयमिति तन्त्रं प्रकाशितम् अस्य शास्त्रस्य यः प्रतिकञ्चुकं कुरुते। दोषोत्पादनेन तिरस्करणमित्यर्थः तस्य सुकृतायुषोः प्रणाशस्स्यात् ॥

परमादीश्वराख्येन कृतेयं भटदीपिका।
प्रदीप्यतां सदा ज्योतिश्शास्त्रज्ञानां हृदालये ॥

इति भटदीपिकायां गोलपादः।

इत्यार्यभटीयं समाप्तम्।

भा०:–आदि काल में जिस ज्योतिषशास्त्र को वेद से निकालकर प्रचार किया गया–उसी ज्योतिः शास्त्र को अर्थात् वैदिक ज्योतिष् शा मैं ने (आर्य्यभट) आर्य्यभटीय तन्त्र " नाम से प्रकाशित किया है। इस में जो कोई व्यक्ति मिथ्यादोष दिखला कर इस का तिरस्कार करेगा– सुकृत, पुण्य या यश और आयु का नाश होगा ॥ ५० ॥

आर्य्यभटीय ज्योतिषशास्त्र पूरा हुआ।

---

* प्रतिकञ्चुकं योऽस्य। इति पठनीयम्। दीपिकाव्याख्याया व्याकरणविरुद्

गौतमीय न्यायशास्त्र सभाष्यसानुवाद—मूल्य ३॥)

वेद, उपवेद और वेद के छः अङ्गों के रक्षार्थ-हमारे ऋषियों ने-छः " स्वरूप-छः दर्शन शास्त्र रचे हैं। इन दर्शनों में (अपने २ तरीके पर) क सत्य सनातन धर्म को युक्ति तथा प्रमाणों से बड़े २ नास्तिकों के पों का उत्तर देकर-हमारे वेदोक्त धर्म की रक्षा कियी गयी है। इन र्शनों में से सब से अधिक हमारे गौतम ऋषि ने चार्वाक, बौध, आर्हत, आदि मतों का अकाट्य उत्तर दिया है। इस दर्शन में एक बड़ी विल-ता है कि इस का ठीक २ समझ लेने पर, शास्त्रार्थ या बहस की रीति मालूम हो जाती है और चाहे कैसा भी प्रबल नास्तिक क्यों न हो इस के जानने वाले के सामने नहीं ठहर सकता। इस न्यायविद्या को ," मन्तिक़ या Logic कहते हैं। गौतम मुनि कृत ५३० सूत्रों पर वात्स्या-मुनिकृत संस्कृत भाष्य का-अत्युन सरलभाषानुवाद, स्थान २ पर उपयुक्त पणी दियी गयी है। और यह प्रति १३ शुद्ध प्रतियों से मिला कर यन्त शुद्ध छापी गयी है। इस में एक और विशेषता है कि इस की मका में आस्तिक और नास्तिक दर्शनों पर युक्ति और प्रमाणों द्वारा ार लिखा गया है और-छः दर्शनों का परस्पर विरोधाभास-के भ्रम को किया गयाहै। अर्थात् छः दर्शन का-मुख्य एक वेदोक्त सत्यधर्म की रक्षा मा-उद्देश्य है यह बात युक्ति, प्रमाण से सिद्ध कियी गयी है।

सामवेदीय-गोभिलगृह्यसूत्र सटीक सानुवाद २॥)

वेद के शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, और ज्योतिष इन छः ों में से-"कल्प" नामक अङ्ग वेद के हस्त स्वरूप हैं। अर्थात् वेद का जो ान उद्देश्य-श्रेयस्कर कर्मकाण्ड की प्रवृत्ति कराने में-है उसी का प्रतिपादक सूत्र है। चारों वेदों की भिन्न २ शाखा होने से,प्रत्येक शाखाओं के भिन्न २ सूत्र हैं। यह गोभिल गृह्यसूत्र-सामवेद की कौथुमी शाखा का-गोभिल-मपरीत-स्मार्तकर्म की पद्धति स्वरूप है। इस ग्रन्थ में प्रथम सूत्र । प्रत्येक सूत्र पर संस्कृतटीका, आवश्यकीय स्थानों में टिप्पणी और भाधानादि संस्कारों में जिन वेद मन्त्रों के पढ़ने की आवश्यकता पड़ती है, पूरे २ मन्त्र संस्कृत टीका में रक्खे गये हैं। और भूमिका में वेद, ाखा, सूत्र, गोत्र, प्रवर, आदि पर अत्यन्त उपयोगी विचार किया गया है। न्दर चिकने कागज पर नये टायप में अत्यन्त शुद्ध छपा है।

ूर्यसिद्धान्त भाषाटीका और बृहद्भूमिका सहित मू० २)

यह ग्रन्थ-सिद्धान्त ज्योतिष के उपलब्ध ग्रन्थों में सब प्राचीन और ान्य है। भारतवर्ष में ज्योतिष के अनुसार पञ्चाङ्ग आदि बनने तथा ियत आदि सिद्धान्त ज्योतिष के विषय सम्बन्धी विचार होने पर-इसी

ग्रन्थ का प्रामाण्य माना जाता है। आज तक इस अमूल्य ज्योतिष के ऊपर ऐसा अपूर्व विचार नहीं किया गया था, इस की भूमिका के १५० पृष्ठों में प्रायः संस्कृत ज्योतिष, अङ्गरेजी आदि ज्योतिष, वेद, ब्राह्मणादि पुस्तकों से भारतवर्षीय ज्योतिषशास्त्र का गौरव सिद्ध किया गया है। केवल इस एक ही पुस्तक के पढ़ने से बिना गुरु प्रायः ज्योतिष के विषयों का ज्ञाता हो सकता है।

पिङ्गलसूत्र सटीक सानुवाद। मूल्य १॥)

वेदार्थ समझने के लिये-छन्दोग्रन्थ की भी आवश्यकता है। स्थान २ में छन्दो विशेष का विधान है, इसी कारण गायत्री उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप्, जगती, इन सात छन्दों का वर्णन तथा मगण, यगण आदि छन्द सम्बन्धी वैदिक तथा लौकिक छन्दों का वर्णन है। बिना छन्द ज्ञान के वेद पढ़ना दोष लिखा है तथा बिना छन्द ज्ञान के मन्त्रों का अर्थ भी ठीक २ समझ में नहीं आ सकता, क्योंकि बिना षडङ्ग के वेद का तात्पर्य समझना आहोपुरुषिकामात्र है। यद्यपि श्रुतबोध, वृत्त रत्नाकर आदि भी छन्दोग्रन्थ हैं परन्तु-उन में वैदिक छन्दों का कुछ भी वर्णन नहीं है अतएव हम ने बड़े परिश्रम से-वेद के छः अङ्गों में से पिङ्गलकृत छन्दसूत्र पर हलायुधकृत वृत्ति सहित का अति उपयोगी सरल भाषानुवाद किया है। उत्तम चिकने कागज पर अत्यन्त शुद्ध छपा है।

नीचे लिखे पुस्तक शीघ्र छपेंगे।

१-सिद्धान्तशिरोमणि—पं० भास्कराचार्य कृत ज्योतिष का ग्रन्थ (गोलाध्याय) संस्कृत टीका और भाषानुवाद एवं उपयुक्त-चित्र सहित मू०२)

२-सचित्र भारतवर्षीय प्राचीन भूगोल।

नाम ही से समझ जाइये-वाल्मीकीय तथा महाभारत आदि के समय के देशों की स्थिति का—चित्र, रावण, वालि, तथा भगवान् रामचन्द्र जी के राज्य के भिन्न २ रंग दे कर नक्शा छापा जावेगा २॥)

३-सर्वदर्शनसंग्रह-माध्वाचार्यकृत्—जिस में १६ दर्शन हैं और जिस में आस्तिक नास्तिक, दर्शनों का सिद्धान्त लिखा है। संस्कृत और भाषानुवाद सहित और भूमिका में सब दर्शनों पर गूढ़ विचार तथा-अङ्गरेजी में भी प्रत्येक दर्शन का खुलासा लिखा गया है मूल्य —३॥)

इस में नीचे लिखे दर्शन हैं; इन का अलग २ दाम इस प्रकार होगा। १ चार्वाक ≈), बौद्ध ≈), आर्हत ।), रामानुज ।), पूर्णप्रज्ञ ≈), पाशुपत =), शैव-दर्शन ≈), प्रत्यभिज्ञान =), रसेश्वर =), न्याय =), वैशेषिक =), मीमांसा =), पाणिनीय =), सांख्य =), पातञ्जल ।) और शाङ्करदर्शन ॥) है।

पता-उदयनारायणसिंह—शास्त्रप्रकाश कार्यालय

मथुरापुर, चित्तूपुर, मुजफ्फरपुर।